# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची,रविवार, 17 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपद मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 242 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▶▶ पानी की कमी के साथ ही पाचन संबंधी समस्याओं को भी दूर करता है पपीता

अब अलग किरदार निभाने का समय : लिंडसे लोहान ◀◀ 6



### पीएलएफआई के नाम पर एक करोड़ रुपए की मांगी गई रंगदारी

## नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी



**संवाददाता**

**रांची:** उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर एक बार फिर रांची में आतंक मचाया जा रहा है। कुछ दिनों की शांति के बाद अब एक बार फिर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के नाम पर लोगों को रंगदारी भरे मैसेज आने लगे हैं। ताजा मामला रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र का है यहां एक जमीन मालिक से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई है।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के तुपुदाना के रहने वाले लाल कृष्ण नाथ शाहदेव से पीएलएफआई के नाम पर एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी नहीं मिलने पर उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई है। इस संबंध में लाल कृष्ण नाथ शाहदेव ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर राजेश यादव, गीता शाहदेव और संतोष प्रजापति के विरूद्ध तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**अंजाम भुगतने की दी गई धमकी :** लाल कृष्ण नाथ शाहदेव ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को पीएलएफआई के लेटर हेड में एक करोड़ की रंगदारी का मैसेज भेजा गया। इसके बाद नौ मई को एक व्यक्ति ने उन्हें व्हाट्सएप पर कॉल किया। फोनकर्ता ने खुद को पीएलएफआई का जोनल कमांडर राजेश यादव बताया, उसने कहा कि गीता शाहदेव और संतोष प्रजापति जिस जमीन पर काम कर रहें हैं, उन्हें परेशान न करें और न ही काम को रुकवाएं। यदि किसी प्रकार से उन्हें परेशान किया गया तो उसका अंजाम उन्हें और उनके परिवार को भुगतना पड़ेगा। इसके बाद 10 मई को उसी नंबर से उन्हें फिर कॉल आया जिसमे रंगदारी की मांग की गई।

**विरोध किया था मिली धमकी :** लाल कृष्ण नाथ शाहदेव ने बताया कि जब उन्होंने फोन करने वाले का विरोध किया तो उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। यह भी कहा गया कि एक सप्ताह में जमीन पर काम लगाया जा रहा है, रोका तो कार्रवाई होगी। धमकी के बाद शहदेव का पूरा परिवार दहशत में है। वहीं दूसरी तरफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दें कि दो दिन पूर्व ही नामकुम में एक डॉक्टर से भी पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी मांगी गई थी। उस मामले की भी जांच अभी जारी ही है।

## वैश्विक तेल संकट के बीच दिल्ली में सीएनजी फिर से हुई महंगी



**नई दिल्ली :** दिल्ली में सीएनजी फिर से महंगी हो गई है। रविवार को इसकी कीमतों में 1 प्रति रुपए किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। सिर्फ दो दिनों में यह दूसरी बार बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में यात्रियों पर ईंधन की लागत का बोझ और बढ़ गया है। दिल्ली में सीएनजी की कीमत एक रुपए बढ़ने के बाद रविवार को 80.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। यह पहली बार है कि दिल्ली में सीएनजी के दाम 80 रुपए के आंकड़े को पार कर गए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत अब 88.70 रुपए प्रति किलोग्राम होगी। इससे पहले शुक्रवार को सीएनजी की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया। उस समय दिल्ली में सीएनजी की दर बढ़कर 79.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई थी।

शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमतों में लगभग 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी भी हुई थी। इस बदलाव के बाद दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपए प्रति लीटर की दर से बिक रहा है।

ईंधन की कीमतों में यह उछाल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा व्यापार मार्गों में से एक होर्मुज स्ट्रेट की लगातार नाकेबंदी के बीच आया है। वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है और आपूर्ति में रुकावटों के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर हो रही आलोचना का जवाब देते हुए बीते दिनों केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को सीमित रखने में सफल रहा है।

उन्होंने बताया कि कई देशों में ईंधन की कीमतों में 20 प्रतिशत से लेकर लगभग 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः केवल 3.2 प्रतिशत और 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिजिजू ने कहा कि वैश्विक बाजार अस्थिर हैं, फिर भी भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने उपभोक्ताओं को मुद्रास्फीति के बड़े प्रभाव से बचाने के लिए हफ्तों तक भारी नुकसान उठाया।

## यूक्रेन का रूस पर बड़ा हमला, 500 से ज्यादा ड्रोन दागे, 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली :** यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़े ड्रोन हमले को अंजाम दिया है। रात भर चले इन हमलों में मॉस्को समेत रूस के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। रूस के अधिकारियों की अगर मानें तो इस अटैक में 500 से ज्यादा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

अधिकारियों ने इस हमले को रूसी राजधानी क्षेत्र पर एक साल से ज्यादा समय में हुआ सबसे बड़ा हमला बताया है। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। साथ ही, अलग-अलग इलाकों में रिहायशी इमारतों और बुनियादी सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा।

**रूस ने 556 ड्रोन को किया तबाह :** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर चले इस हमले के दौरान उसके हवाई सुरक्षा तंत्र ने एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में यूक्रेन के 556 ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया। इस दौरान मॉस्को और पश्चिमी रूस के आसपास धमाकों और आपातकालीन बचाव कार्यों की खबरें भी आईं।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार लोगों की जान चली गई। इनमें से तीन लोगों की मौत मॉस्को क्षेत्र में और एक व्यक्ति की मौत यूक्रेन की सीमा के पास स्थित बेलगोरोद क्षेत्र में हुई। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि इन हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। वोरोब्योव के मुताबिक, एक ड्रोन के एक निजी रिहायशी मकान से टकराने के कारण एक महिला की मौत हो गई, जबकि बचाव अभियान के दौरान एक अन्य व्यक्ति घंटों तक मलबे के नीचे फंसा रहा।

**सुबह तड़के शुरू हुए हमले :** हमलों से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों के मारे जाने की भी खबर है। वोरोब्योव ने टेलीग्राम पर लिखा, ₹एक प्राइवेट घर पर यूएवी गिरने से एक महिला की मौत हो गई। एक और व्यक्ति मलबे के नीचे फंसा हुआ है।₹ उन्होंने आगे बताया कि हमले सुबह तड़के शुरू हुए और रूसी एयर डिफेंस यूनिट्स को लगातार ऑपरेशन करने पर मजबूर कर दिया।

### महाराष्ट्र पुलिस हत्या के फरार आरोपी को दुमका से गिरफ्तार कर ले गई मुंबई

## शहर के मोरटंगा स्थित रिश्तेदार के घर में छिपकर रह रहा था आरोपी

**दुमका:** महाराष्ट्र पुलिस शनिवार को दुमका पहुंची और शहर के मोरटंगा इलाके में अपने रिश्तेदार के घर छुप कर रह रहे हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर मुंबई ले गई। इस पुरी कार्रवाई में दुमका नगर थाने की पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस को सहयोग किया।

महाराष्ट्र पुलिस हत्या के एक मामले में फरार आरोपी बमबम कुमार राय को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार को दुमका पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को यहां से गिरफ्तार कर लिया। दुमका नगर थाना पुलिस के सहयोग से मोरटंगा गांव के केवटपाड़ा इलाके में छापेमारी कर 28 वर्षीय बमबम कुमार राय को दबोचा लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को दुमका न्यायालय में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद महाराष्ट्र पुलिस उसे अपने साथ मुंबई लेकर रवाना हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बमबम कुमार राय गोड्डा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र के मसूदनपुर गांव का रहने वाला है। वह मुंबई में ही रहकर काम करता था। आरोप है कि उसने मुंबई में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गई थी।

इधर घटना के बाद से आरोपी बमबम फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र पुलिस पहले उसके गांव पहुंची, लेकिन वहां उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक पड़ताल कर उसकी खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह दुमका शहर के मोरटंगा इलाके में रहता है। जहां से बमबम को गिरफ्तार कर लिया।

### अपनी बंदूक साफ कर रहा था जवान अचानक गोली चल जाने से मौत

**सिमडेगा :** महाबुआंग थाना में पदस्थापित राजू तिर्की की आज सुबह अपनी ही बंदूक की गोली लगने से मौत हो गयी। बताया गया कि रांची जिला के तिगरा गांव के रहनेवाले राजू तिर्की((सिपाही नंबर 703) की पदस्थापना 2012 में सिमडेगा जिला पुलिस में हुई थी।

राजू तिर्की 2011 बैच के सिपाही थे। वर्तमान में इनकी पोस्टिंग सिमडेगा के महाबूआंग थाना में थी।आज सुबह वे अपनी बंदूक की सफाई आदि कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रिगर दब गया, जिससे उसके सिर में गोली लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गये।

घटना के बाद उसे आनन फानन में अस्पताल लाया जाने लगा। लेकिन रास्ते में उसकी मौ'त हो गयी। इधर घटना की सूचना मिलते ही सिमडेगा पुलिस के पदाधिकारी और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सदर अस्पताल पहुंचे। विधायक ने घटना पर अफसोस जताते हुए शोक संवेदना प्रकट की। सिमडेगा श्रीकांत एस खोटरे भसदर अस्पताल पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। एसपी सिमडेगा ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला एक्सीडेंटल प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि बंदूक की सफाई के दौरान संभवत गोली चल गयी। जिससे इसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच एसडीपीओ और डीएसपी सिमडेगा कर रहे हैं।

राजू तिर्की के शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद उसे पुलिस लाइन लाया जायेगी। यहां अंतिम सलामी दी जाएगी। उसके बाद श'व परिजनों को सौंपा जाएगा।

### भारत-नेपाल सीमा पर आम लोगों को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने 100 रुपए वाले टैक्स नियम पर लगाई रोक

**काठमांडू :** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने भारत से लाए जाने वाले सामानों पर नागरिकों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सामान पर लगने वाले 100 नेपाली रुपए के सीमा शुल्क वाले नियम पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस नियम के मुताबिक नेपाल में कोई शख्स भारत से नेपाल में अपने निजी इस्तेमाल के लिए भी सामान लाता है, और उसकी कीमत 100 नेपाली रुपए (भारत में लगभग 62 रुपए) से ज्यादा है, तो उसे उस सामान पर सीमा शुल्क देना अनिवार्य कर दिया गया था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट इस पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जस्टिस हरि प्रसाद फुयाल और टेक प्रसाद ढुंगाना की संयुक्त पीठ ने नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिपरिषद, नेपाल के वित्त मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक इस नियम को लागू न करें।

**नेपाल सरकार ने लागू किया था नियम :** दरअसल प्रधानमंत्री बलेंद्र बालेन शाह के नेतृत्व वाली नव निर्वाचित सरकार के वित्त मंत्रालय ने 100 एनपीआर से ज्यादा के कीमत वाले सामान पर सीमा शुल्क अनिवार्य कर दिया था। इस कदम से तराई-मधेस क्षेत्र में नेपाल-भारत सीमा चौकियों पर कड़ी जांच शुरू हो गई और लोग इसकी कड़ी आलोचना करने लगे। उधर सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) ने लोगों से भारत से लाए गए सामान पर अनिवार्य रूप से सीमा शुल्क का भुगतान करने की बात कही। आदेशों के बाद, सीमा शुल्क विभाग, राजस्व जांच विभाग, जिला प्रशासन कार्यालय, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त निगरानी टीमों ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दीं, जिससे देश में आने वाले सामानों पर सख्त नियंत्रण लागू हो गया।

इस सख्त नीति ने मधेस के सीमावर्ती जिलों में गंभीर समस्याएं पैदा कर हो गई, जिससे लोगों का रोजाना का जीवन प्रभावित होने लगा। महज 100 रुपए से ज्यादा के सामान पर टैक्स लगाने और फॉर्म भरवाने से आम जनता और छोटे दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# भारत और नीदरलैंड ने जारी किया संयुक्त बयान, कई एमओयू और आशय पत्र पर हुए हस्ताक्षर

**द हेग।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यहां पहुंचे। शनिवार को नीदरलैंड के प्रधानमंत्री और किंग विलेम अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से मुलाकात की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय आधिकारिक दौरे का समापन किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का नीदरलैंड का दूसरा दौरा था। 16 मई की सुबह, प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा ने हेग में रॉयल पैलेस हुइस टेन बॉश में द्विपक्षीय बैठक की। किंग और क्वीन ने पीएम मोदी के लिए लंच की मेजबानी भी की। प्रधानमंत्री जेटन और पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान सीमित और डेलिगेशन स्तर की बातचीत की, जिसके बाद 16 मई की शाम को डिनर हुआ।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे और ऐतिहासिक व्यापार जुड़ाव, लोगों के बीच गहरे संबंधों और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को याद किया और इस कई तरह के संबंधों को और बढ़ाने और गहरा करने की इच्छा जताई।

इस संदर्भ में दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में विभिन्न सहयोग कार्यक्रमों के तहत नियमित बातचीत के जरिए हुई प्रगति पर खुशी जताई। इसमें उच्च राजनीतिक स्तर पर हुई बातचीत, 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता तथा फरवरी 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुआ उपयोगी सहयोग भी शामिल है।

दोनों देशों के बीच संबंधों में मजबूत रफ्तार और बढ़ते मेलजोल को मानते हुए, दोनों नेताओं ने भारत और नीदरलैंड के बीच संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने का फैसला किया।

इस संदर्भ में, उन्होंने एक रणनीतिक साझेदारी रोडमैप अपनाने का स्वागत किया, जिसके तहत दोनों पक्ष राजनीतिक, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग, साइबर सिक्योरिटी, सेमीकंडक्टर, स्पेस, एआई और क्वांटम सिस्टम जैसी जरूरी और उभरती तकनीक, विज्ञान और इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी,



स्वास्थ्य, सतत कृषि और खाद्य सिस्टम, वॉटर मैनेजमेंट, क्लाइमेट चेंज और एनर्जी ट्रांजिशन, सतत परिवहन, मैरीटाइम डेवलपमेंट, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों सहित सभी क्षेत्र में लगातार और संरचनात्मक सहयोग के जरिए काम करने पर सहमत हुए।

दोनों पक्ष नीति नियोजन के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमत हुए।

दोनों नेताओं ने भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण पर जोर दिया और लोकतंत्र, मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुरूप नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था सहित साझा मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दोनों सरकारों ने आज की वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए यूएन सुरक्षा परिषद की सदस्यता की स्थायी और अस्थायी, दोनों कैटेगरी को बढ़ाने समेत बहुपक्षीय सिस्टम को मजबूत करने और सुधारने की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया और एक तय टाइमफ्रेम में टेक्स्ट-बेस्ड बातचीत की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुधारी हुई और बढ़ाई गई यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपने डच समकक्ष जेटन के लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

दोनों नेताओं ने भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा इस वर्ष जनवरी में आपसी लाभ वाले भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने का स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर एक साथ हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया, जो सुरक्षा और रक्षा पर ईयू और भारत की बातचीत और सहयोग को मजबूत करेगा और मैरीटाइम सुरक्षा, साइबर, आतंकवाद विरोधी और डिफेंस इंडस्ट्रियल सहयोग जैसे क्षेत्रों में ठोस नतीजे देगा।

हिंद-प्रशांत पर ईयू की रणनीति को याद करते हुए, पीएम जेटन ने नीदरलैंड के इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव (आईपीओआई) में शामिल होने और जर्मनी और यूरोपीय संघ के साथ कैपेसिटी बिल्डिंग और रिसोर्स शेयरिंग पिलर को-लीड करने के फैसले की घोषणा की।

रक्षा और सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में उन्होंने लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर होने का स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने की अहमियत पर जोर दिया। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और संबंधित उभरती तकनीक पर साझेदारी को लेकर एमओयू साइन हुए।

माइग्रेशन और मोबिलिटी के क्षेत्र में भारत सरकार और नीदरलैंड सरकार के बीच मोबिलिटी और माइग्रेशन पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर्स को लेकर धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब को सपोर्ट करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल के बीच एमओयू, क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य के खान मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के बीच एमओयू और कल्पसर परियोजना, जल क्षेत्र में गुजरात के कल्पसर प्रोजेक्ट के संबंध में टेक्निकल सहयोग के लिए भारत गणराज्य के जल शक्ति मंत्रालय और नीदरलैंड के इंफ्रास्ट्रक्चर और जल प्रबंधन मंत्रालय के बीच संयुक्त आशय पत्र पर साइन किया गया।

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन कोऑपरेशन के डेवलपमेंट पर भारत-नीदरलैंड रोडमैप, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर नए हुए समझौता ज्ञापन के तहत एक जॉइंट वर्किंग ग्रुप की स्थापना और ऊर्जा क्षेत्र और ऊर्जा परिवर्तन के लिए परियोजनाओं पर सहयोग के लिए नीति आयोग और नीदरलैंड के बीच संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किया गया।

कृषि/पशुपालन क्षेत्र में वेस्ट त्रिपुरा में फूलों के लिए इंडो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एनिमल हसबैंड्री (सीईएएच) में डेयरी में ट्रेनिंग के लिए इंडो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना और भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और नीदरलैंड के कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और प्रकृति मंत्रालय के बीच पशुपालन और डेयरी में सहयोग पर एक संयुक्त घोषणा किया गया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च, मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ एंड द एनवायरनमेंट (आरआईवीएम) के बीच स्वास्थ्य में सहयोग को लेकर संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किया।

कस्टम मामलों में आपसी प्रशासनिक सहायता के लिए भारत सरकार और नीदरलैंड सरकार के बीच समझौता हुआ। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में नालंदा यूनिवर्सिटी, भारत और यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन, नीदरलैंड के बीच अकादमिक सहयोग पर एमओयू और लेडेन यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर हुए।



## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत टीकर गांव में सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक राम भजन राम दांगी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव और परिजनों में मातम का माहौल है।जानकारी के अनुसार, राम भजन राम दांगी सड़क किनारे अपने घर के पास ही खड़े थे। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## निंजरा मोड़ के पास बाइक दुर्घटना, तीन युवक घायल. दो की हालत गंभीर, हजारीबाग रेफर



**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। हादसे में दो युवकों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि एक युवक को मामूली चोट आई है। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।घायलों में रंजन कुमार, जितेंद्र भारती और सुभाष कुमार शामिल हैं। तीनों प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सभी युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जोरी बाजार आए हुए थे। वापस लौटने के दौरान निंजरा मोड़ के पास बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया, जिससे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दो युवकों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग भेजा गया है।

## सदर अस्पताल में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**चतरा :** सदर अस्पताल चतरा में रविवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सतेंद्र कुमार सिन्हा एवं उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्यकर्मियों, चिकित्सकों एवं मरीजों को उच्च रक्तचाप से बचाव और नियमित जांच के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि बदलती जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण उच्च रक्तचाप की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से ब्लड प्रेशर जांच कराने, संतुलित भोजन लेने, नमक का सीमित सेवन करने तथा प्रतिदिन व्यायाम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से हृदय रोग, स्ट्रोक एवं अन्य गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि उच्च रक्तचाप को ह्यसाइलेंट किलरक्ष कहा जाता है, क्योंकि इसके शुरूआती लक्षण आसानी से दिखाई नहीं देते। इसलिए हर व्यक्ति को समय-समय पर अपना रक्तचाप जांच कराना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों का निःशुल्क रक्तचाप जांच किया गया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। मौके पर अस्पताल के कई चिकित्सक, एएनएम, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएमएस सदस्य शशिभूषण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**खलारी :** भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सीकेएस के तत्वावधान में रविवार को क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में बीएमएस के कर्मठ सदस्य स्व. शशिभूषण सिंह जी को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।श्रद्धांजलि सभा में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं सीसीएल बीएमएस के कर्मियों ने स्व. शशिभूषण सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित वक्ताओं ने स्व. शशिभूषण सिंह को संगठन के प्रति निष्ठावान, श्रमिक हितों के लिए समर्पित और सदैव कर्मठ रहने वाले साथी बताया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. शशिभूषण सिंह जी का श्रमिक आंदोलन और संगठन के प्रति योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उनके निधन से मजदूर संघ को अपूरणीय क्षति हुई है।

सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई।मोके पर अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह सचिव पिंकू सिंह सुरक्षा समिति सदस्य उमाकांत सिंह के डी एच अध्यक्ष हॉस्पिटल राम सचिव प्रमोद कुमार पाठक असंगठित सचिव विनोद विश्वकर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुजीत कुमार अनिल कुमार जय प्रकाश धर्मेंद्र नोनिया जितेंद्र नोनिया खीक राम बारीक ओर वरिष्ठ अधिकारी श्री रघुवंश नारायण सिंह दीपक वर्मा नितेश तीवरी आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए करती हैं वट सावित्री पूजा : रूबी सिंह

**संवाददाता**



**रांची :** रातू प्रखंड के रिंग रोड नया टोली सिमलिया में वरिष्ठ भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी रूबी सिंह ने उपवास कर वट सावित्री व्रत की पूजा अर्चना विधिपूर्वक वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर किया। इस मौके पर पूजा अर्चना कर श्रृंगार के सभी सामान व फल दान कर अपने पति की दीघार्यु के साथ सुख समृद्धि होने की कामना करने के साथ-साथ पूरे राष्ट्र की महिलाओं के सुहागिन तथा सुख समृद्धि होने की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी रूपी सिंह ने कहा कि यह व्रत जयेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को किया जाता है। विवाहित औरतें वट वृक्ष की जड़, फूल, फल को धूप और मिठाई से पूजा करती है। इसके बाद वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए वट वृक्ष के आस झआस सुत के धागे लपेटती हैं, यही कारण है कि यह व्रत वट सावित्री अमावस्या कहलाता है। कहा अपने पति की दीघार्यु, सुख समृद्धि, संतान सुख, दांपत्य जीवन में प्रेम स्थिरता और परिवार की उज्जवल भविष्य की खुशहाली के लिए विवाहित स्त्रियों के द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या व्रत मनाई जाती है। कहा कि सावित्री और सत्यवान पर आधारित यह पर्व पत्नी की तपस्या, भक्ति और दृढ़ संकल्प की प्रतीक मानी जाती है। इस दिन सिर्फ सावित्री सत्यवान की पूजा नहीं होती, बल्कि यम के देवता यमराज का भी पूजन किया जाता है। रूबी सिंह ने कहा कि पौराणिक, लौकिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव) का निवास होता है। वटवृक्ष दीघार्यु व अमरत्वबोध के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया जाता है। वटवृक्ष ज्ञान व निर्माण का भी प्रतीक है। भगवान बुद्ध को इसी वट वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। तथा सावित्री ने भी वटवृक्ष के नीचे तपस्या आराधना कर अपने मृत पति को यमराज से वापस पाने में सफलता पाई थी। वटवृक्ष अपने विशालता के लिए भी प्रसिद्ध है वन गमन कल में गेस्ट मास की तपती धूप से रक्षा के लिए वट वृक्ष के नीचे व्रत पूजा आराधना किया जाना उत्तम सरल व सहज होने से इस धार्मिक आध्यात्मिक पूजनीय परंपरा के विकसित होने के परिणाम स्वरुप यह मान्यता बन गई कि इसकी छाया में नीचे बैठकर पूजन व्रत करने कथा आदि सुनने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसलिए वट वृक्ष को पति की दीघार्यु के लिए पूजन करना इस व्रत का अंग बना। कहा सावित्री सत्यवान की पौराणिक कथा का स्मरण करने के विधान के कारण हीं यह व्रत वट सावित्री व्रत के नाम से विख्यात हुआ।रूबी सिंह ने कहा कि सावित्री का अर्थ वेद माता गायत्री और सरस्वती भी होता है। उन्होने कहा यह व्रत सौभाग्यशाली स्त्रियों को अपने पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के प्रति दायित्व बोध भी कराती है। पूजा के उपरांत पति के द्वारा पत्नी को अन्न जल ग्रहण करवा कर व्रत उपवास तुड़वाया जाता है। इस मौके पर श्रीमती रानी सिंह, अंजली सिंह, पूनम सिंह, काजल सोनी, श्रेया सोनी सहित सैकड़ों व्रती स्वरूप महिलाएं शामिल रहीं!

### हंटरगंज के दो बेटों का भारतीय सेना में चयन

## ग्रामीणों ने बैंड-बाजे के साथ आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**संवाददाता**



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के दो बेटों का चयन भारतीय सेना में हुआ है। इस उपलब्धि के बाद हंटरगंज प्रखंडवासियों में देश सेवा का जज्बा लेकर सेना में शामिल हुए स्थानीय युवाओं की उपलब्धि को लेकर बेहद हर्ष की माहौल है। ग्रामीणों ने दोनों जवानों को ट्रेनिंग के लिए रवाना बैंड -बाजे के साथ आतिशबाजी कर,जश्न मनाकर और फूलों की माला पहचानकर रवाना किया है। बता दे की प्रखंड क्षेत्र के डाटमगढ़पर निवासी शशिकांत सिंह उर्फ मंटू सिंह के पुत्र विपुल कुमार और बरहपुर निवासी बिहारी यादव के पुत्र दीपक कुमार का ट्यूटोरियल आर्मी में चयन हुआ है। इस चयन के बाद गांव सहित प्रखंड वासियों में हर्ष का माहौल है क्योंकि अग्निवीर में तो प्रखंड से कई युवाओं का चयन हो चुका है, लेकिन टेरीटोरियल आर्मी ( प्रादेशिक सेना) में युवाओं का चयन नहीं हुआ था। दोनों युवकों ने आज अपने सपनों को पंख देते हुए प्रशिक्षण के लिए रवाना हुआ। उसके प्रस्थान के साथ ही पूरे गांव में गर्व और हर्ष का माहौल है। बताया जाता है कि दोनों युवक साधारण किसान परिवार से तालुक रखते हैं। सीमित संसाधनों के बीच रहकर भी दोनों ने बचपन से फौजी जीवन का सपना संयोगा था। इसी जुनून और कड़ी मेहनत ने दोनों को मुकाम तक पहुंचाया है। विपुल और दीपक की रवाना होते ही एक ओर जहां बेटे की नई सफर की खुशी माता- पिता में झलक रही थी तो वहीं भावुकता भी साफ दिखी। विपुल के पिता मंटू सिंह ने कहा कि बेटा की हौसला और लगन साथ ही बड़े बेटा दीपक का मार्गदर्शन ने उसे आर्मी के मुकाम तक पहुंचाया है। विपुल ने बताया कि अभी भुनेश्वर ट्रेनिंग के लिए जा रहा हूं,देश सेवा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना जीवन समर्पित करेंगे । वही दीपक के पिता ने कहा कि बेटा जब देश के लिए कदम बढ़ा रहा है तो इससे बड़ा गर्व किसी पिता के लिए नहीं हो सकता है। दीपक ने कहा कि बचपन से सपना था कि देश की सेवा करें। इसी सोच के साथ मेहनत शुरू की। आज मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद और ट्रेनर दीपक कुमार के मार्गदर्शन से लक्ष्य पूरा हुआ।ग्रामीणों ने भी विपुल और दीपक को शुभकामाएं देते हुए उसे देश का सच्चा सपूत बताया। इस दौरान जीरो टू सक्सेस एकेडमी हंटरगंज के संचालक सह प्रशिक्षक दोनों वीर जवानों को फूलों की वर्षा और फूलमाला पहनाकर ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। ट्रेनिंग के लिए रवाना होते समय परिजनों और प्रशिक्षक दीपक कुमार ने उसकी सलामती और सफलता के लिए दुआएं भी की। वही विपुल ने असफल हुए साथियों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी चीज का जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं, बस हौसला बुलंद होना चाहिए, मेहनत जारी रखें आपकी सफलता एक ना एक दिन कदम जरूर चूमेगी। इस दौरान गांव में वंदे मातरम,भारत माता की जय और जय हिंद के जयघोष से पूरा गांव गूंजा। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**संवाददाता**

**चतरा:** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनवरी से अप्रैल 2026 तक जिले में कुल 65 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस पर उपायुक्त ने सभी ट्रांसपोर्टरों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सुझाव एवं आवश्यक पहल पर विचार साझा करने को कहा।समीक्षा के क्रम में ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीड, एक ही चालक द्वारा लगातार लंबे समय तक वाहन चलाना तथा घाटी क्षेत्रों में भारी वाहनों के ब्रेक फेल होने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं ट्रांसपोर्टरों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ट्रांसपोर्ट कंपनियों में कार्यरत वाहन चालकों का रेंडम ड्राइविंग टेस्ट लिया जाए तथा अयोग्य पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान नियमित रूप से चलाने एवं नो-एंट्री क्षेत्र में चलने वाले वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी लोडेड वाहन की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं लगातार लंबे समय तक वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में वाहन चालकों की चिकित्सीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।बैठक में वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ट्रांसपोर्टरों से कहा कि वे वाहन चालकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें तथा सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन हेतु उन्हें प्रेरित करें।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरे लगाने, दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, पॉल्यूशन एवं बीमा सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच हेतु विशेष अभियान चलाने तथा जोड़ी-हंटरगंज मार्ग, टंडवा सहित विभिन्न सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## अवैध अफीम की खेती उन्मूलन को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री रवि आनंद की अध्यक्षता में अवैध अफीम की खेती उन्मूलन को लेकर नाकोर्डकी समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिनांक 25 फरवरी 2026 को आयोजित बैठक की कार्रवाई एवं दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि चतरा जिले को अफीम मुक्त बनाने हेतु अवैध अफीम खेती से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि अवैध अफीम की खेती अथवा इससे जुड़े किसी भी प्रकार की गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उपायुक्त ने सभी अंचलों में ड्रोन उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि थाना स्तर पर ड्रोन के माध्यम से अवैध अफीम की खेती की नियमित मॉनिटरिंग एवं पहचान सुनिश्चित की जा सके। साथ ही आमजनों से सूचना प्राप्त करने हेतु एक समर्पित नंबर जारी करने का निर्देश दिया गया, ताकि अवैध अफीम खेती से संबंधित सूचना प्रशासन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।बैठक में आमजनों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करने हेतु विद्यालय स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में मादक पदार्थ एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने हेतु विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले में अवैध अफीम की खेती एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध सतत अभियान चलाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिया कि युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के प्रति जागरूक करने हेतु जिले के सभी विद्यालयों में एंटी नारकोटिक क्लब का गठन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यालय स्तर पर नियमित जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाया जा सके।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती रेणु रवि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं के त्वरित निष्पादन पर जोर



**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजलापूर्ति, पैक्स, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं का कार्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के अभाव में लंबित है, उनका आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारा जा सके। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने लंबित मैटेरियल भुगतान का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उनके स्तर पर लंबित वनाधिकार अधिनियम (ऋक्कअ) से संबंधित मामलों का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।उपायुक्त ने सभी लाइन विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि यदि किसी योजना के निष्पादन में अन्य विभागों से संबंधित समस्या उत्पन्न हो रही हो, तो केवल पत्राचार तक सीमित न रहें, बल्कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उसका समाधान सुनिश्चित करें।बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभुकों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आवास योजना से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्र लाभुकों को नियमानुसार आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए।बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता श्री अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती रेणु रवि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# अस्पतालों में फायर सेफ्टी एवं इलेक्ट्रिकल ऑडिट को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

**संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले में संचालित निजी अस्पतालों के प्रबंधकों/प्रतिनिधियों एवं इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन प्रभात कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-हेल्थ नोडल पदाधिकारी राजेश साहू, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न निजी अस्पतालों एवं इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




बैठक में श्री भजन्त्री ने अस्पतालों में फायर सेफ्टी एवं इलेक्ट्रिकल ऑडिट को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में लगे इलेक्ट्रिकल वायरिंग, इक्यूपमेंट्स, आईसीयू में संचालित एसी एवं जेनरेटर का विशेषज्ञों से नियमित ऑडिट कराया जाये ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों को लिंग निर्धारण संबंधी कानून का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी सेंटर की संलिप्तता लिंग निर्धारण जैसे अवैध कार्य में पायी जाती है तो संबंधित संस्थान एवं व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सभी अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों को अपने निबंधन की वैधता समाप्त होने से पूर्व नवीकरण हेतु आवेदन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अस्पतालों द्वारा मरीजों के शव रोकने की शिकायतों पर भी उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में बिल नहीं चुका पाने वाले मरीज के शव को परिजनों को नहीं सौंपना राज्य सरकार के आदेश एवं क्लिनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट का उल्लंघन है। सभी अस्पतालों को कानून एवं राज्य सरकार के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अंतर्गत अस्पतालों को किये जाने वाले भुगतान की भी समीक्षा की गयी। जिला दण्डाधिकारी ने सभी अस्पतालों को स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करने का निर्देश दिया ताकि भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों का एफिलिएशन रद्द किया जा सकता है।

बैठक में सभी अस्पतालों को डेंगू, मलेरिया, टीबी एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से संबंधित मरीजों की सूचना समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि संबंधित क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अस्पताल प्रबंधन को बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल में निर्धारित नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही डॉक्टर्स एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के प्रमाण पत्रों की नियमित जांच करने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## हातमा पहाड़ क्षेत्र में जी 3 आवास योजना का प्रस्ताव

**संवाददाता**

**रांची :** नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि संरक्षण, अतिक्रमण हटाने और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने वार्ड संख्या दो के हातमा पहाड़ और मिसिरगोंदा तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण की स्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, सरकारी भूमि की वर्तमान स्थिति और लोगों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जनहित के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने हातमा पहाड़ में खाता संख्या 302, प्लॉट संख्या 26, रकबा 3 एकड़ 57 डिसमिल भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भूमि की दोबारा मापी और सीमांकन कराने का निर्देश दिया। वर्षों से अस्थायी घरों में रह रहे लोगों की सुविधा को देखते हुए आवास योजना के तहत जी 3 भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। साथ ही उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जनसुनवाई के निर्देश भी दिए।

उन्होंने क्षेत्र में आवास योजनाओं से वंचित लोगों को योजनाओं से जोड़ने, शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने, स्किल डेवलपमेंट सेंटर विकसित करने तथा महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने की दिशा में कार्य करने को कहा। भू-संपदा टीम को अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति का सर्वे कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय की स्थिति की भी समीक्षा की गई और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

नगर आयुक्त वार्ड दो के मिसिरगोंदा तालाब क्षेत्र पहुंचे। वहां खाता संख्या-362, प्लॉट संख्या-1996, 1997, 1998 एवं 1999, कुल 5 एकड़ 88 डिसमिल भूमि के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय की टीम के साथ संयुक्त रूप से तालाब का सीमांकन कराने और सौंदर्यीकरण आदि योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। निरीक्षण दल में सहायक नगर आयुक्त निकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार, सहायक अभियंता, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी ने भू-अर्जन कार्यों, फ्लाईओवर व रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं, भू-अर्जन कार्यों तथा फ्लाईओवर एवं रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक के दौरान मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में संचालित सभी आधारभूत संरचना एवं विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए परियोजनाओं में आ रही समस्याओं एवं बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएसएआई) द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नारो- टिकराटोली क्षेत्र में संचालित एनएचएआई परियोजना के तहत शेष रैयतों के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिये, ताकि निर्माण कार्य बिना बाधा के आगे बढ़ सके। एनएचएआई के कोयलारी-रामपुर इंटरचेंज परियोजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि परियोजना के लिए लगभग थ्री जी अवार्ड की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक जिला मंजूनाथ भजन्त्री में रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने लिंक लाइन लोधमा परियोजना एवं इलू-सिल्ली रेलवे परियोजना में मुआवजा भुगतान शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि कार्य में शिथिलता होने पर संबंधित कर्मी पर जवाबदेही तय की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान सड़क निर्माण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं फ्लाईओवर परियोजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा की गई।उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कांटाटोली-सिरमटोली फ्लाईओवर सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रैयतों को देय मुआवजा राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा भुगतान में अनावश्यक विलंब से परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है, इसलिए संबंधित पदाधिकारी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें।

बैठक में अपर समहर्ता रामनारायण सिंह, जिला भूअर्जन पदाधिकारी केके राजहंस, परियोजना निदेशक एनएचएआई, रांची एवं गुमला, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, शहरी एवं ग्रामीण, अतिरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बेड़ो एवं ओरमांझी, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## रांची पुलिस का ऑपरेशन प्रहार, 100 से अधिक अपराधी गिरफ्तार, 220 वारंट निष्पादित

**रांची :** रांची पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम देते हुए पिछले दो दिनों में 100 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 220 से अधिक लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक नगर, यातायात एवं ग्रामीण के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, लंबित वारंटों का निष्पादन और संगठित अपराध पर शिकंजा कसना था।

देर रात तक चले इस विशेष अभियान में पुलिस टीमों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की। इस दौरान फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। कई ऐसे आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे।

इस व्यापक अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध और संगठित गिरोहों के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**जिला बाल संरक्षण ईकाई**

**-: आम सूचना :-**

बाल कल्याण समिति, गुमला के आदेश के आलोक में।



नाम– अज्ञात (मुकबधिर)
उम्र– लगभग 14 वर्ष
लम्बाई– 4'11"
वजन – 33.3 किलोग्राम
रंग – गेहुऑं
लिंग– स्त्रीलिंग
पहचान चिन्हन – दाहिने गाल पर तिल का निशान।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मुकबधिर बालिक उम्र लगभग – 14 वर्ष, वजन– 33.3 किलोग्राम, रंग– गेहुऑं उक्त बालिका दिनांक – 01.04.2026 को ग्राम– कुकरूंजा, थाना कुरूमगढ़, जिला– गुमला क्षेत्र मे भटकते हुए मिली थी। बालिका को कुरूमगढ़ थाना के द्वारा बाल कल्याण समिति, गुमला मे प्रस्तुत किया गया है। जिसका मामला संख्या– 155/26 दर्ज किया गया है। बाल कल्याण समिति, गुमला में प्रस्तुति की तिथि से अब तक बालिका के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक की जानकारी प्राप्त नहीं है। उक्त बालिका के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर कार्यालय, बाल कल्याण समिति, गुमला या जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला में दस्तावेज के साथ दावा प्रस्तुत करें।

दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात बच्ची पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण विनियम– 2022 के नियम– 6 के उपनियम– 7 के अंर्तगत को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गुमला द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

सम्पर्क करें :–
पता :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला, कमरा न0– A06, समाहरणालय भवन चन्दाली, जिला गुमला।
मोबाईल न0 :– 06524–450234, 8210007989 ।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला

PR 380047 Women, Child Development & Social Security (26-27)_D




## रोटरी क्लब ने एयरपोर्ट को फ्लाइब्रेरी के लिए 300 पुस्तकें भेंट की

**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित ह्लफ्लाइब्ररीह्व के लिए प्रथम चरण में 300 पुस्तकें भेंट कीं। राँची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने इन पुस्तकों को औपचारिक रूप से प्राप्त किया और इस सराहनीय पहल के लिए रोटरी क्लब ऑफ रांची की प्रशंसा की। रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष रोटेरियन अमित अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण में 300 पुस्तकें प्रदान की गई हैं तथा आगामी मंगलवार को लगभग 100 और पुस्तकें भेंट की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी समय-समय पर विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से फ्लाइब्रेरी को समृद्ध करता रहेगा।भेंट की गई पुस्तकों में फिक्शन, नॉन-फिक्शन, प्रेरणादायक, नेतृत्व विकास, बच्चों की कहानियां, संविधान से संबंधित पुस्तकें तथा अन्य अनेक विषयों की पुस्तकें शामिल हैं। एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि ह्लफ्लाइब्ररीह्व भारत सरकार की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य यात्रियों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। यात्री अपनी यात्रा के दौरान इन पुस्तकों को निःशुल्क पढ़ सकते हैं और गंतव्य एयरपोर्ट पर पुस्तक को वापस जमा कर सकते हैं। उन्होंने इस पहल में सहयोग के लिए रोटरी क्लब ऑफ रांची का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने यह भी बताया कि 20 मई को भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री से फ्लाइब्रेरी का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इस पहल को सफल बनाने में अजय दीप वाधवा, रजत भेल, रश्मि अग्रवाल, आस्था भेल, मुकेश तनेजा, अनुराग गुप्ता, शिखा गुप्ता, कनिका मल्होत्रा, कांता मोदी, पायल सूद, श्वेता अग्रवाल, वेद बागला सहित रोटरी क्लब ऑफ रांची के अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, नियोजनालय, तोरपा (खूँटी)**

**भर्ती कैम्प–19.05.2026**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को देश–विदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु नियोजित करने के उद्देश्य से नियोजनालय तोरपा (खूँटी) के द्वारा दिनांक–19 मई 2026, दिन मंगलवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से ब्लॉक परिसर, तोरपा में भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। उक्त भर्ती कैम्प में अब तक निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies | | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Male | Female | | | | | | | |
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 01 | BHARAT FINANCIAL INCLUSION, RANCHI | Loan Officer | 50 | 00 | 12th & Above | Any | 1,79,316/- to 2,38,619/- PA | 18-32 | Yes | NO | ALL OVER JHARKHAND |
| 02 | DMC FINISHING SCHOOL PRIVATE LIMITED, PUNE | Trainee | 100 | 100 | 12th /ITI | Any | 19055/- with Attendance. Bonus | 18 - 28 | NA | NO | PUNE, MAHARASHTRA |
| 03 | PANIIT ALUMNI REACH FOR JHARKHAND FOUNDATION, RANCHI | Tiles Mason, Plumber, Electrical, Pipe Fitter | 100 | 00 | 10th & Above | Any | 40000/- | 18-32 | No | Yes | DUBAI |
| | | Plumber, Construction | 40 | 00 | 5th & Above | Any | 20000/- 24000/- | 18-32 | Yes | Yes | PAN INDIA |
| | | Electrical Vehicle Driving | 40 | 00 | 10th & Above | Any | 17000/- 22000/- | 18-32 | No | Yes | |
| | | Forklift Operator | 15 | 15 | 10th & Above | Any | 21000/- | 18-32 | Yes | Yes | |
| | | Assembly Line Operator & Industrial SMO (Girls) | 00 | 40 | 8th & Above | Any | 15000/- 17000/- | 18-28 | Yes | Yes | |
| 04 | TERRIER SECURITY SERVICES PVT. LTD, KARNATAKA | Security | 300 | 50 | 10th & Above | 0-3 Years | 17000/-23000/- | 20-40 | Yes | No | PAN INDIA |
| 05 | CHORUS AGRO PVT. LTD, TUPUDANA | Labor | 15 | 00 | Any | Fresher | 9000/- + Rice & Fuel for food making Free | 18-50 | No | Yes | TUPUDANA |
| 06 | LMS CORPORATE SERVICES PVT. LTD, HOSUR | Associate | 00 | 50 | 10th, 12th, ITI, Diploma, Graduation | Fresher | 19175/- | 18-28 | Yes | Yes | HOSUR |

इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नही है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प मे नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नही रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे हैं। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी,
नियोजनालय, तोरपा (खूँटी)।

PR 379980 (Labour Employment and Traning) 26-27 (D)


### श्री श्याम मंदिर में हुआ ज्येष्ठ अमावस्या महास्नान अनुष्ठान

# श्याम भंडारे का हुआ भव्य आयोजन

**संवाददाता**

**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर महास्नान अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम मण्डल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा श्री श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया तथा श्रृंगार आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसी अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंदिर परिसर में 200वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, अभिषेक झा, अमिता झा, अनुज झा सहित मंडल के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम का भोग अर्पित कर भजन-कीर्तन किया। ह्लआओ-आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जीह्व भजन से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में गूंज उठा।

भंडारे का शुभारंभ बाबा को भोग अर्पित कर महाप्रसाद वितरण से किया गया। इसके बाद मंदिर के आचार्यों को यजमान पूजा सिंघल एवं उनके परिवार द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई। परंपरा के अनुसार भंडारे का एक भाग हर शनिवार गौशाला में गौमाता के लिए भी भेजा गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और हरमू रोड भक्तों की लंबी कतारों तथा ह्लखाटू नरेश की जयह्व के जयकारों से गूंज उठा। भंडारे में नमक-अजवाइन पूड़ी, आलू-कद्दू-गोभी मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, आमरस, खीर और चूरमा का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।

कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, श्रवण ढांढनिया समेत 50 से अधिक कार्यकताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।



# एक्यूट किडनी इंजरी के खतरे को कम करती है कॉफी

**हाल ही में एक नए अध्ययन से पता चला है कि, एक दिन में कम से कम एक कप कॉफी का सेवन करना एक्यूट किडनी इंजरी (एकेआई) कम कर सकता है। एकेआई को गुर्दे की गंभीर बिमारी के रुप में परिभाषित किया गया है, जो बहुत तेजी से गुर्दे के खराब होने से जुड़ा हुआ है।**

जर्नल किडनी इंटरनेशनल रिपोर्ट्स में प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि, ''जो लोग हर दिन किसी भी मात्रा में कॉफी पीते थे, उनमें एकेआई 15 प्रतिशत कम था। वहीं दिन में दो से तीन कप पीने वाले समूह में सबसे बड़ी कमी देखी गई।'' एक्यूट किडनी इंजरी में अपशिष्ट उत्पादों का निर्माण करता है, जिससे किडनी के लिए शरीर में तरल पदार्थो का सही संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के शोधकताओं को संदेह है कि, ''एकेआई जोखिम पर कॉफी के प्रभाव का कारण यह हो सकता है कि या तो जैविक रूप से सक्रिय यौगिकों को कैफीन के साथ जोड़ा जाता है या सिर्फ कैफीन ही गुर्दे के भीतर छिड़काव और ऑक्सीजन के उपयोग में सुधार करता है।'' यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिसिन के प्रोफेसर संबंधित लेखक चिराग पारिख ने कहा, ''गुर्दे की अच्छी कार्यप्रणाली और एकेआई के प्रति सहनशीलता एक स्थिर रक्त आपूर्ति और ऑक्सीजन पर निर्भर है।'' टीम ने 14,207 वयस्कों का आकलन किया, जिनका 24 साल की अवधि में सात बार सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण अवधि के दौरान, तीव्र गुर्दे की चोट के 1,694 मामले दर्ज किए गए। हालांकि, अधिक अध्ययन की जरूरत है। पारिख ने कहा, ''गुर्दे के लिए कॉफी की खपत के संभावित सुरक्षात्मक तंत्र को परिभाषित करने के लिए, विशेष रूप से सेलुलर स्तर पर।''



# पानी की कमी के साथ ही पाचन संबंधी समस्याओं को भी दूर करता है पपीता

**पपीता सेहतमंद फल माना जाता है। गर्मियों में इसे विशेष रूप से पसन्द किया जाता है। कहते हैं पपीता पानी की कमी को दूर करता है। साथ ही यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। एक तरफ जहाँ पपीता सेहत के लिए फायदेमंद होता है वहीं दूसरी ओर यह बालों के लिए भी बहुत फायदे वाला है।**



पपीता सेहतमंद फल माना जाता है। गर्मियों में इसे विशेष रूप से पसन्द किया जाता है। कहते हैं पपीता पानी की कमी को दूर करता है। साथ ही यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। एक तरफ जहाँ पपीता सेहत के लिए फायदेमंद होता है वहीं दूसरी ओर यह बालों के लिए भी बहुत फायदे वाला है। प्रदूषण, धूल-मिट्टी की वजह से बालों में आई कई परेशानियों से पपीता राहत दिलाता है। पपीते से तैयार होममेड हेयर मास्क से आप ड्राई और बेजान बालों में भी चमक ला सकते हैं।

## पपीता, केला व शहद का हेयर मास्क

रूखे व बेजान बालों के लिए यह हेयर मास्क बेहद असरदार है। इसके लिए एक पके केले में 7-8 टुकड़े पपीते के डालकर मसलें। फिर इसमें 1 चम्मच शहद डालें। सारी सामग्री को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को अपने पूरे बालों में लगाएं और 2-3 घंटों के लिए लगा रहने दें। बाद में बालों को शैंपू से धो लें।

## पपीता, नींबू के रस व शहद का हेयर मास्क

एवं बालों में रूसी और खुजली से छुटकारा दिलाने में यह हेयर मास्क बेहद फायदेमंद है। इसके लिए एक कटोरी में 8-9 टुकड़े पपीता लेकर इन्हें पीस लें। अब इसमें 2 चम्मच नींबू का रस व 1 चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को अपनी सिर की त्वचा में लगाएं तथा हल्के हाथों से सर की मालिश करें। 1 घंटे तक लगे रहने के बाद बालों को शैंपू से धो लें।

## पपीता-शहद-कोकोनट मिल्क हेयर मास्क

पपीता के आधे कप टुकड़ों को ब्लेंड कर के एक बाउल में इसको निकाल लें। अब इसमें आधा कप कोकोनट मिल्क और एक चम्मच शहद मिलाएं। तीनों चीजों को अच्छी तरह से आपस में मिक्स कर लें फिर बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से पांच मिनट मालिश करें फिर आधा घंटा लगा रहने दें, इसके बाद शैम्पू कर लें।

## पपीता-ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

एक कप पपीते के टुकड़ों को अच्छी तरह से मैश कर लें। अब दो चम्मच पपीते को एक बाउल में निकालें और इसमें दो चम्मच ऑलिव ऑयल मिक्स कर लें। इन दोनों चीजों को आपस में अच्छी तरह से मिला लें और इसको बालों और स्कैल्प पर लगाकर दस मिनट तक सर की मालिश करें। इसके बाद आधा घंटा इसको लगा रहने दें फिर शैम्पू कर लें।

## पपीता-दही हेयर मास्क

पपीता और दही का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कप पपीते को ब्लेंड करके पल्प तैयार कर लें। अब इसको छलनी या कपड़े की मदद से छान कर इसका रस अलग कर लें। अब चार-पांच चम्मच पपीते का रस लें और फिर इसमें दो चम्मच दही मिक्स कर लें। दोनों चीजों को फेंट कर आपस में मिक्स कर लें और ब्रश या उंगलियों की मदद से स्कैल्प और बालों पर लगा कर आधा घंटा ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद पांच मिनट तक सर की मसाज करें फिर शैम्पू कर लें।



## पपीता-विटामिन ई ऑयल हेयर मास्क

इसे बनाने के लिए विटामिन ई का तेल लें और करी पत्ते को एक उपयुक्त बर्तन में डालकर मीडियम आंच पर रखें। इसे तब तक गर्म करें जब तक पत्तियां चटकने न लगें। आंच बंद कर दें और तेल को कुछ मिनट के लिए ठंडा होने दें। जब तेल ठंडा हो जाए तो इसे छानकर एक कप में निकाल लें। थोड़ा पपीते का रस डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण से अपने सिर की मालिश करें। इसे अच्छी तरह से लगाएं और एक या दो घंटे के लिए रहने दें।




## पपीता-एलोवेरा हेयर मास्क

पपीता-एलोवेरा हेयर मास्क बनाने के लिए आप पपीते को छीलकर इसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब करीब एक कप पपीते के टुकड़े लेकर इसको अच्छी तरह से ब्लेंड कर लें और इसका रस अलग कर लें। अब इस पपीते के रस में दो चम्मच एलोवेरा जेल मिला कर अच्छी तरह से दोनों चीजों को मिक्स कर लें। फिर इस मिक्सचर को बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से अप्लाई करके आधा घंटा छोड़ दें। इसके बाद पांच मिनट तक बालों और स्कैल्प की मसाज करके शैम्पू कर लें।

## पपीता, बेसन और दही का हेयर मास्क

ये बालों में प्राकृतिक चमक बढ़ाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पपीते को मिक्सर में पीसकर पेस्ट तैयार करें। पपीते के पेस्ट में दही और बेसन मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करें। हेयर मास्क इस्तेमाल के लिए तैयार है। इस्तेमाल के लिए बालों को अच्छी तरह से सुलझाकर दो बराबर भागों में विभाजित करें। हेयर मास्क से अपने स्कैल्प की अच्छी तरह से मालिश करें। हेयर मास्क को लगभग आधे घंटे तक बालों में रहने दें। सिर को शावर कैप से ढक लें। 30 मिनट के बाद बालों को माइल्ड शैम्पू से धो लें। इस हेयर मास्क को 15 दिनों में एक बार दोहराएं।



# ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव

**ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में होने वाली असामान्य कोशिकाओं का एक संग्रह है। जब ट्यूमर बढ़ता है, तो इससे खोपड़ी के अंदर दबाव बढ़ सकता है। यह स्थिति मस्तिष्क को क्षति पहुंचाती है और खतरनाक हो सकती है।**

अलग-अलग मामलों में ब्रेन ट्यूमर के संकेत और लक्षण भिन्न हो सकते हैं। यह ब्रेन ट्यूमर के आकार, स्थान और बढ़ने की दर पर निर्भर करते हैं। कई बार बिना किसी लक्षण के भी व्यक्ति को ब्रेन ट्यूमर की समस्या हो सकती है। ब्रेन ट्यूमर में निम्न संकेत व लक्षण शामिल होते हैं जैसे कि बार-बार सिरदर्द होना ब्रेन ट्यूमर का एक आम लक्षण है, सिरदर्द का धीरे-धीरे गंभीर होते जाना, बिना किसी कारण के उल्टी और मतली आना, धुंधला दिखाई देना, दोहरा दिखाई देना, दूर की नजर कमजोर होना, हाथ व पैर के संचालन व संवेदनशीलता में लगातार कमी आना, शरीर का संतुलन बिगड़ना, उलझन, व्यवहार में परिवर्तन आना, थकान होना, सुस्ती आना, शॉर्ट टर्म मैमोरी लॉस, बोलने या समझने में कठिनाई, नींद न आना, दैनिक गतिविधियों व उनको करने की क्षमता में बदलाव आना आदि।

ब्रेन ट्यूमर होने के जोखिम को बढ़ाने वाले कुछ कारकों की पहचान की जा चुकी है, जैसे बढ़ती आयु, रेडिएशन का दुष्प्रभाव, कैंसर का पारिवारिक इतिहास और एचआईवी या एड्स होना। उम्र बढ़ने के साथ ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा बढ़ सकता है। वृद्ध व्यक्तियों में ब्रेन ट्यूमर होना सबसे आम है। हालांकि, ब्रेन ट्यूमर किसी भी उम्र में हो सकता है। कुछ प्रकार के ब्रेन ट्यूमर तो केवल बच्चों में ही पाए जाते हैं।

## रेडिएशन का एक्सपोजर

जिन लोगों को 'आयोनिजिंग रेडिएशन' नामक एक खास रेडिएशन का एक्सपोजर हुआ हो, उनमें ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ जाता है। आयोनिजिंग रेडिएशन होती है सिर पर एक बड़ी मशीन से विकिरण चिकित्सा करवाना जैसे कि कैंसर के इलाज में की जाती है।

## पारिवारिक इतिहास

यदि आपके परिवार के किसी सदस्य को पहले कभी ब्रेन ट्यूमर की समस्या रही हो, तो आपके मस्तिष्क में ब्रेन ट्यूमर होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

## पहले कैंसर होना

कैंसर से पीड़ित बच्चों को अपने बाद के जीवनकाल में ब्रेन ट्यूमर होने का अधिक खतरा रहता है। जिन वयस्कों को ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) होता है, उनमें भी इसके होने का खतरा रहता है।

## एच.आई.वी-एड्स

सामान्य जनसंख्या की तुलना में, यदि आपको एचआईवी या ऐड्स है तो आपको ब्रेन ट्यूमर होने की संभावना अधिक होती है। यदि आपको ब्रेन ट्यूमर से जुड़े किसी भी प्रकार के लक्षण महसूस होते हैं तो ऐसी स्थिति में आप डॉक्टर से तुरंत शारीरिक परीक्षण लें जैसे न्यूरोलॉजिक परिक्षण, एमआरआई, सीटी स्कैन, स्पाइनल टैप और जरूरत होने पर बॉयोप्सी करवा, जल्द से जल्द इलाज कराना चाहिए।



# विटामिन-मिनरल को चूस लेता है तंबाकू

**स्मोकिंग और तंबाकू से शरीर में पोषण की कमी हो सकती है और कमजोरी आ सकती है।**

तंबाकू की खेती से मिट्टी का उपजाऊपन खो जाता है और उसके अंदर फॉस्फोरस, पोटैशियम, सल्फर और मैग्नीशियम खत्म हो जाता है। जो पदार्थ मिट्टी से पोषण छीन सकता है, वो आपके शरीर में भी विटामिन व मिनरल्स की कमी कर सकता है।

## निकोटीन है असली दुश्मन

डॉक्टर ने बताया कि तंबाकू के अंदर निकोटीन और कई सारे खतरनाक कैमिकल होते हैं। ये जहरीले पदार्थ पोषण को इस्तेमाल करने की क्षमता को कम कर देता है। जिसकी वजह से शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।

## चली जाती है स्वाद और गंध

निकोटीन आपके टेस्ट बड्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से आपको स्वाद कम आने लगता है। इसी वजह से स्मोकिंग करने वाले अधिकतर लोग तेज मसाले और मीठा खाते हैं। स्मोकिंग करने पर शरीर को कम ऑक्सीजन मिलती है। जिसकी वजह से नेजल पैसेज भी डैमेज होने लगता है और गंध आनी कम हो जाती है।

## भूख हो जाती है कम

स्मोकिंग से दिमाग और सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर बुरा असर पड़ता है। इसके कारण भूख कम होने लगती है और आपकी डाइट घट जाती है। इसकी वजह से शरीर को कम पोषण मिलता है और न्यूट्रिशन की कमी हो सकती है।

## कम होने लगते हैं ये विटामिन और मिनरल

निकोटीन के कारण पोषक तत्वों का ढंग से इस्तेमाल नहीं हो पाता और इनकी स्टोरेज भी खत्म होने लगती है। यह आपके शरीर में विटामिन बी, सी, ई और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स की कमी कर सकता है। ये पोषक तत्व जल्दी आने वाले बुढ़ापे से बचाने वाले सेलुलर रिपेयर और रीजनेरेशन के लिए जरूरी होते हैं।

## चूस लेगा विटामिन डी

निकोटीन का सेवन विटामिन डी और कैल्शियम व फॉस्फोरस का एब्जोर्प्शन रोक सकता है। जो कि हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होते हैं। इनकी कमी से नाजुक हड्डियां, जोड़ों में अकड़न, हाथ-पैर में सुन्नपन और कमजोरी आ सकती है।

### करें ये काम

डॉक्टर ने बताया कि आपको स्मोकिंग व तंबाकू छोड़ने के तरीके जल्द से जल्द अपनाने चाहिए। लेकिन तबतक के लिए डाइट में ताजे फल और सब्जियों का सेवन बढ़ा दें। जिससे शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन व मिनरल्स की डेली डोज मिलती रहे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास के दिए निर्देश : उपायुक्त

## उपायुक्त विभिन्न पर्यटन, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक स्थलों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दुबे द्वारा साहिबगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पर्यटन सांस्कृतिक शैक्षणिक एवं सार्वजनिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां संचालित विकास कार्यों आधारभूत सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण योजनाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में वेस्ट टू वंडर पार्क गंगा विहार पार्क मास्टर सोबरन मांझी अनुमंडलीय पुस्तकालय टाउन हॉल सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परिसर एवं महिला छात्रावास, भगवन बिरसा मुंडा घाट मुक्तेश्वर घाट एवं नमामि गंगे घाट का जायजा लिया गया तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के सार्वजनिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन स्थलों का समुचित विकास न केवल नागरिकों विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि साहिबगंज को एक आकर्षक एवं व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहित के अनुरूप पूर्ण करने का निर्देश दिया।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दुबे द्वारा नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पर्यटन सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां संचालित विकास कार्यों आधारभूत सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण योजनाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में वेस्ट टू वंडर पार्क, गंगा विहार पार्क, मास्टर सोबरन मांझी अनुमंडलीय पुस्तकालय, टाउन हॉल, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परिसर एवं महिला छात्रावास, बिरसा मुंडा घाट, मुक्तेश्वर घाट एवं नमामि गंगे घाट का जायजा लिया गया तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों व अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के सार्वजनिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन स्थलों का समुचित विकास न केवल नागरिकों एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि साहिबगंज को एक आकर्षक एवं व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहित के अनुरूप पूर्ण करने का निर्देश दिया।वेस्ट टू वंडर पार्क को बनाया जाएगा प्रमुख आकर्षण केंद्र निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम वेस्ट टू वंडर पार्क का अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने पार्क में चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि इस स्थल को जिले के प्रमुख आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने पार्क में आकर्षक लाइटिंग, लैंडस्केपिंग, वॉकवे, बच्चों के खेल क्षेत्र, सांस्कृतिक मंच, कैफेटेरिया एवं सेल्फी प्वाइंट को व्यवस्थित रूप से विकसित करने को कहा।उन्होंने विशेष रूप से झारखंड की जनजातीय संस्कृति, स्थानीय विरासत एवं पारंपरिक कलाओं को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करने पर बल दिया, ताकि यह पार्क स्थानीय पहचान एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन सके। उपायुक्त ने 15 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।गंगा विहार पार्क के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण पर जोर इसके उपरांत उपायुक्त ने गंगा विहार पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसके समग्र पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा समुचित रखरखाव के अभाव में पार्क परिसर में झाड़ियां एवं बड़े-बड़े घास उग जाने से आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों एवं परिवारों, की आवाजाही प्रभावित हुई है।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पार्क परिसर की नियमित साफ-सफाई, घास कटाई व झाड़ियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। निरीक्षण के दौरान पार्क में लगे कई झूलों एवं खेल उपकरणों में जंग लगने, कई स्थानों पर प्लास्टिक सामग्री टूटने तथा लोहे के ढांचों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति की समीक्षा की गई। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद साहिबगंज को निर्देश दिया कि सभी झूलों एवं बच्चों के खेल उपकरणों की मरम्मत, पेंटिंग एवं आवश्यक रखरखाव कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि कम लागत में पार्क को पुनः सुचारू एवं उपयोगी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पार्क की आधारभूत संरचना अभी भी उपयोग योग्य स्थिति में है तथा व्यवस्थित अनुरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के माध्यम से इसे पुनः जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में विकसित किया जा सकता है। उपायुक्त ने पार्क परिसर में सजावटी पौधारोपण, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने, बैठने की सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं नागरिकों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क के नियमित अनुरक्षण हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पार्क को राजस्व-सक्षम मॉडल के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया।



### पुस्तकालय टाउन हॉल में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश

मास्टर सोबरन मांझी अनुमंडलीय पुस्तकालय एवं टाउन हॉल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। पुस्तकालय भवन के ऊपरी तल पर जल रिसाव की समस्या को देखते हुए मरम्मत कार्य कराने, नए शौचालय निर्माण तथा विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त केबिन आधारित अध्ययन व्यवस्था विकसित करने को कहा गया।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को शांत एवं एकाग्र अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने हेतु केबिन लाइब्रेरी की व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें व्यक्तिगत अध्ययन केबिन, लैपटॉप एवं मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, रीडिंग लैंप तथा वातानुकूलित सुविधा उपलब्ध हो।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पुस्तकालय में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जरूरी पुस्तकों की जानकारी ली तथा आवश्यक पुस्तकें एवं सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष से भी पुस्तकालय की आवश्यकताओं एवं विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।टाउन हॉल निरीक्षण के दौरान भवन की मरम्मत, सीपेज समस्या के समाधान, शौचालयों के नवीनीकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही टाउन हॉल परिसर के पीछे चार कक्षों वाले अतिरिक्त भवन निर्माण की संभावनाओं पर विचार करते हुए संबंधित अभियंताओं को आवश्यक प्रस्ताव यथाशीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया। नगर परिषद को टाउन हॉल के बेहतर रख-रखाव एवं सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का किया निरीक्षण

इसके पश्चात उपायुक्त ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, आधुनिक प्रयोगशाला की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं हेतु बेहतर बैठने की सुविधा तथा खेल मैदान के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त ने विद्यालय परिसर से संबंधित भूमि, प्रवेश द्वार एवं बाउंड्री से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु अंचल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में अवैध अतिक्रमण की संभावना को रोकने तथा उपलब्ध भूमि का उपयोग शैक्षणिक एवं छात्र हित से जुड़े कार्यों के लिए सुनिश्चित करने पर बल दिया।
निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में उपलब्ध पुराने बेंच-डेस्क एवं अन्य फर्नीचर की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उपयोग योग्य पुराने संसाधनों की मरम्मत कर उन्हें पुनः उपयोग में लाया जाए, ताकि कम लागत में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके।

### घाटों के विकास स्वच्छता सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर

इसके बाद उपायुक्त ने भगवन बिरसा मुंडा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन घाट, चेंजिंग रूम एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए फिसलन-रोधी टाइल्स लगाने, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने, पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने तथा शौचालय एवं स्नानागार निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में घाट को गंगा आरती एवं धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी विकसित किया जा सकता है, जिससे पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुक्तेश्वर घाट एवं नमामि गंगे घाट निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने घाटों की स्वच्छता सीवेज प्रबंधन पेयजल व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था एवं समुचित रखरखाव पर विशेष बल दिया। उन्होंने नमामि गंगे घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती को और अधिक व्यवस्थित व आकर्षक बनाने तथा घाटों के सौंदर्यीकरण एवं आगंतुकों के लिए सुविधाओं के विस्तार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही लंबित विकास योजनाओं से संबंधित डीपीआर एवं प्रस्तावों को शीघ्र अग्रसारित करने को कहा गया।निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं स्पेशल डिवीजन के कनीय अभियंता

# पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है : डॉ रणजीत

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज में प्राचार्य सह पर्यावरणविद् डॉ रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से जनित बीमारियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता तथा प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना था।अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के कारण अनेक प्रकार की बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने जल संरक्षण अपनाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संजीवनी गंगा एनजीओ के प्रतिनिधि मोहम्मद एयाज ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण की रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने स्वच्छ वातावरण, हरित परिसर तथा जल स्रोतों की सुरक्षा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया।राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मोहम्मद एयाज ने डेंगू से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू एक खतरनाक मच्छरजनित बीमारी है, जिससे बचाव के लिए घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। साफ-सफाई बनाए रखना पूरी बाँह के कपड़े पहनना तथा मच्छरदानी एवं प्रतिरोधी दवाओं का उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिवार एवं समाज में भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। वहीं सहजीवी गंगा संस्थान के संस्थापक मो आयाज ने डॉ रणजीत कुमार सिंह को प्रदूषण भारत छोड़ो स्वच्छता अभियान के राष्टीय अध्यक्ष पद पर नामित किया `कार्यक्रम में डॉ रमजान अली, डॉ अमित कुमार, डॉ शैलेश मिश्र, मुस्कान, रमा भारती, प्रियंका कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएँ एवं महाविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# साहिबगंज स्टेशन चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका कांग्रेस का हल्लाबोल

जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान बोले महंगाई से जनता त्रस्त केंद्र सरकार चुप'

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षकेशव महतो कमलेश के निर्देश पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी,साहिबगंज द्वारा स्टेशन चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया।जहाँ कई कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन चौक पर जुटे और पेट्रोल-डीजल,दूध, सीएनजी गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इसके बाद केंद्र सरकार का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया गया।जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा ्र्केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 12 साल में सिर्फ जुमलेबाजी की है।आज पेट्रोल 110 पार,डीजल 100 पार,दूध 70 रुपये लीटर और गैस सिलेंडर 1200 का हो गया है।गरीब,किसान,मजदूर, मध्यम वर्ग-हर तबका महंगाई की मार से त्रस्त है,लेकिन केंद्र सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही जनता को संदेश देना चाहते हैं.कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आपकी लड़ाई लड़ेगी।जब तक दाम वापस नहीं होंगे,हमारा आंदोलन रुकने वाला नहीं है।जनता ने भी बदलाव का मन बना लिया है,2029 में ये तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगी। र्कार्यक्रम में अनुकूल चंद्र मिश्रा बासुकीनाथ यादव,मोहम्मद कलीमुद्दीन,सरफराज आलम,नित्यानंद गुप्ता,राम श्रृंगार ओझा,ऐनुल हक अंसारी,भोलानाथ महतो,सुनील पासवान,मिथुन मण्डल,मो.सलाहुद्दीन, अनिल पाण्डेय,उमेश कुमार पाण्डेय,अनंत लाल भगत,सईद अख्तर मो.बदरुद्दोजा रणजीत टुडू,मैनुल हक,यमुना दास, मो.रिजवान अलताफ हुसैन,मोफिज आलम,सद्दाम हुसैन,कमरूल हक अंसारी,गणेश साहा,सन्टू यादव,शारीक रब्बानी,शशिधर यादव,देवराज सिंह, मजहर खान,कार्तिक साह,उमर,रागीब आलम,जाहिद खान मो.मेराजुद्दीन मो.रियाज,औरंगजेब,नौशाद अंसारी,परवेज आलम रब्बान शेख,उदय कुमार रजक,मो.अजमुल एवं अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धरना के 13वें दिन छात्राओं ने संभाला मोर्चा कहा- हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद हो

**संवाददाता**



साहिबगंज/बरहरवा:प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन महाधरना शनिवार को 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के 13वें दिन बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी ने धरनास्थल का माहौल बदल दिया।छात्राओं ने खुलकर अपनी समस्याएं और भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की।धरना स्थल पर छात्राओं ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में कई छात्राएं उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति,प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रही हैं।उन्होंने कहा कि समाज की बेटियों को अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़े,इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है।कई छात्राओं ने कहा कि उनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और आरक्षण का लाभ नहीं मिलने से उनके सपने अधूरे रह जा रहे हैं।उन्होंने सरकार और प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाने की अपील की।धरना स्थल पर आंदोलनकारियों ने हमें हमारा अधिकार दो,शिक्षा और रोजगार से वंचित करना बंद करो,शेरशाहबादी समाज को न्याय दो,अंचल प्रशासन हाय हाय,जिला प्रशासन हाय हाय जैसे नारे लिखे तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महमूद आलम ने कहा कि यह लड़ाई अब नई पीढ़ी की आवाज बन चुकी है। लगातार 13 दिनों से लोग बारिश, गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बीच डटे हुए हैं,लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट समाधान सामने नहीं आया है।इसके बावजूद आंदोलन का दायरा बढ़ता जा रहा है और हर दिन नए लोग इससे जुड़ रहे हैं।यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा,जब तक शेरशाहबादी समाज को उसका अधिकार नहीं मिल जाता।धरना स्थल पर उप प्रमुख अब्दुल कादिर,मुखिया रामजान अली,हनीफ इकबाल सरीफुल इस्लाम,शैखूल इस्लाम,वसीम अकरम,मसूद आलम,शहीद आलम,मोफक्कर आलम सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं,युवाओं एवं समाज के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## न्यूज IN ब्रीफ

### काफी खोजबीन करने के बावजूद विकास का शव बरामद नहीं हुआ

**साहिबगंज:** गंगा नदी थाना क्षेत्र के लालबथानी स्थित डीबीएल गंगा घाट डूबे विकास मंडल का शव 26 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। गंगा नदी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डाक्टर मोहन मुर्मू ने पोस्टमार्टम किया ।मालूम होगी बिहार के अमदाबाद किशनपुर निवासी विकास कुमार मंडल 26 वर्ष परीक्षा देने के लिए दिल्ली गया था और दिल्ली से पटना आया और पटना से साहिबगंज आया।फिर विकास महादेवगंज अपने मौसा उदय मंडल के घर आया था । विकास मौसा के घर से शुक्रवार को 11 बजे यह कहकर निकला की वह घर चला जाएगा मौसा के घर वालों ने काफी रोकने की भी कोशिश की लेकिन वह नहीं रुका। घर से निकलने के बाद वह डीबीएल स्थित गंगा घाट किनारे गया और कपड़ा खोलकर नहाने के लिए जैसे उतरा हुआ गंगा में समा गया। गंगा नदी पुलिस को सूचना मिलते हैं घटनास्थल पहुंचकर गोताखोरों की मदद से गंगा में विकास की तलाश शुरू करवाया लेकिन काफी खोजबीन करने के बावजूद विकास का शव बरामद नहीं हुआ।

### अंजुमन नगर में चोरी, मोबाइल-लैपटॉप समेत अन्य सामान लेकर फरार

साहिबगंज:जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर मोहल्ला में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देकर मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत और लोगों में नाराजगी का माहौल है।जानकारी के अनुसार अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद मोईन, जो कलेक्ट्रेट कार्यालय में नीलाम पत्र पदाधिकारी के यहां अनुबंध पर अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने घर में चोरी होने की शिकायत जिरवाबाड़ी थाना में दर्ज कराई है। बताया गया कि देर रात चोर घर में घुसकर मोबाइल, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि चोरी की शिकायत मिली है तथा जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंजुमन नगर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दर्जनों चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। घरों से सामान चोरी के अलावा बिजली के तार काटकर बेचने की घटनाएं भी लगातार सामने आती रही हैं।

मोहल्ले के लोगों का मानना है कि शहर के कई इलाकों में बढ़ते नशे के कारोबार और युवाओं में नशे की लत के कारण चोरी जैसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में गश्ती बढ़ाने और नशा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### फल दुकानदार से चाकूबाजी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

साहिबगंजः शहर के डीसी कार्यालय के सामने फल दुकानदार पर हुए चाकूबाजी मामले में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मारपीट मामले में कांड संख्या 83/26 दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पासवान एवं दीपक पासवान शामिल हैं। दोनों मदरसा रोड हरि टोला क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।ज्ञात हो कि शुक्रवार को डीसी कार्यालय के सामने फल दुकानदार मुकेश मंडल पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले में युवक के गर्दन, हाथ और पीठ में चोट लगी थी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जागरूकता और माइक्रोप्लानिंग पर हुई बैठक



साहिबगंजःजवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज में किशोरियों के एच0पी0वी टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जागरूकता माइक्रोप्लानिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य व संबंधित शिक्षकों के साथ एच0पी0वी वैक्सीन के महत्व, सर्वाइकल कैंसर से बचाव और टीकाकरण कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान लक्षित आयु वर्ग की किशोरियों की लाइन लिस्टिंग तैयार करने एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय स्तर पर छात्राओं की पहचान, अभिभावकों को जागरूक करने तथा टीकाकरण दिवस पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई।कार्यक्रम में डॉ. किरण माला डब्ल्यूएचओ आर0आर0टी टीम एवंआर0सी0एच सहायक द्वारा एचपीवी वैक्सीन से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा की गई तथा उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने की अपील की गई, ताकि लक्षित किशोरियों को समय पर टीकाकरण का लाभ मिल सके।

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का एक दिवसीय धरना कल



**साहिबगंज:** सदर प्रखंड के सकरीगली रेलवे स्टेशन के समीप झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के सदस्य विजय यादव की अध्यक्षता में आगामी 18 मई 2026 को जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की सफलता को लेकर बैठक हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित हुए।बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की आगामी 18 मई 2026 को जिला मुख्यालय के समक्ष श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम वेतनमान की गारंटी नियुक्ति पत्र 8 घंटे काम सहित अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए श्रमिकों से इस धरना मे शामिल होने का आग्रह किया है।मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,धर्मेंद्र रजक,राजू रजक,संजय रजक,भोला यादव,कैलाश चौधरी,रतन मंडल,पंकज मंडल,मनोज पासवान,रंजीत कुमार,विशाल मंडल,शंभू मंडल,मधुराम,वीरू मंडल,मनोज मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।





अरशद और शरमन ने रीक्रिएट किया

# अल्लू को अगली फिल्म के लिए मिल गई हीरोइन

● जिसके साथ 2 बार मचाया है धमाल

इस वक्त साउथ में कई बड़ी फिल्मों पर काम चल रहा है. जिसमें से कुछ इस साल रिलीज होंगी, तो कुछ के लिए साल 2027 का इंतजार करना होगा. आज बात करेंगे अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म की. फिलहाल तो एक्टर का पूरा फोकस ही एटली की 'राका' पर है. लेकिन उसके बाद लोकेश कनगराज की पिक्चर के लिए लौटेंगे, जिसका पहले ही ऐलान कर चुके हैं. अब अल्लू अर्जुन की फिल्म के लिए एक्ट्रेस मिल गई है. अल्लू अर्जुन बड़ी तैयारी में लगे हुए हैं. उनकी पिछली फिल्म 'पुष्पा 2' थी, जिसने 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था. साथ ही उसके बाद से ही अपनी अगली दो फिल्मों का प्लान बना चुके हैं. सबसे पहले एटली की 'राका' आएगी, जिस पर एक्टर का इस वक्त पूरा-पूरा फोकस है. जी हां, उस पिक्चर में अल्लू अर्जुन के अपोजिट दीपिका पादुकोण काम कर रही हैं.साथ ही लोकेश कनगराज के साथ अपनी अगली फिल्म कुछ वक्त पहले ही अनाउंस की थी. पर एक्टर के अपोजिट किसी हीरोइन को फाइनल नहीं किया गया था. पर अब लगता है कि खेल जम गया है. कौन हैं वो एक्ट्रेस, जिसके साथ अल्लू अर्जुन फिर से दिख सकते हैं. साथ ही वो उनकी अगली फिल्म का हिस्सा हैं. दरअसल अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म से जिस एक्ट्रेस का नाम जुड़ रहा है, वो पूजा हेगड़े हैं. जिनके साथ पहले भी काम कर चुके हैं. जी हां, 'दुव्वादा जगन्नाथम' और 'अला वैकुंठपुरमुलु' में दोनों एक साथ दिखे थे. अब एक्ट्रेस को लेकर अगली फिल्म के लिए क्या प्लानिंग हो रही है, आइए आपका बताते हैं.

### अल्लू की अगली फिल्म में कौन?

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, अल्लू अर्जुन अपनी आने वाली फिल्म के लिए डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. कहा जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर अभी भी काम चल रहा है. वहीं दूसरी तरफ यह जानकारी भी सामने आई कि पूजा हेगड़े को बतौर लीड एक्ट्रेस फिल्म में लिया जा सकता है. फिलहाल एक्ट्रेस की मेकर्स से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है. लेकिन टीम की तरफ से अबतक कोई भी ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है. दरअसल इससे पहले जब अल्लू अर्जुन और पूजा हेगड़े ने साथ में काम किया, तो दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया था. अब अगर लोकेश कनगराज की फिल्म में एक्ट्रेस की एंट्री होती है, तो फैन्स के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं होगा. हाल ही में एक्ट्रेस ने लोकेश कनगराज की फिल्म कुली में भी काम किया था. रजनीकांत की फिल्म के गाने स्ब्द्बष्ठ में उनका कैमियो छा गया था. फिलहाल वो अपने दूसरे प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनका जल्द से जल्द काम कंप्लीट कर रही हैं.

# 2006 का आइकॉनिक सीन

**निर्देशक** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' 'फ्रेंचाइजी' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। गुरुवार को अभिनेता अरशद वारसी ने आगामी फिल्म की छोटी सी झलक पेश की, जिसने अगले भाग के लिए फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर साल 2006 में आई फिल्म 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' के रेस कार कॉम्पिटिशन सीन को रीक्रिएट किया। इस वीडियो में अरशद के साथ अभिनेता शरमन जोशी भी नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस वीडियो में ट्रांजिशन का इस्तेमाल किया गया है। रोहित, अरशद और शरमन ने 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' का वह सीन शेयर किया, जो 2006 में रिलीज हुई थी। इस सीन में अरशद (जो माधव का किरदार निभा रहे हैं) और शरमन (जिन्होंने लक्ष्मण का किरदार निभाया है) एक मजेदार कार रेस में हिस्सा लेते हैं, जिसका मकसद निराली नामक लड़की का दिल जीतना होता है। इस खास सीन में, शरमन का किरदार (जो एक महिला के भेष में है) और माधव एक रेस कार में बैठे हुए और 'हाय' करते हुए नजर आते हैं। फिर वीडियो 20 साल पहले के उनके किरदारों से आज के समय में बदल जाता है और उसी मशहूर हाथ हिलाने वाले सीन को फिर से दिखाता है। वीडियो शेयर कर अरशद ने लिखा, '20 साल बीत गए, लेकिन कुछ भी नहीं बदला। गोलमाल आज भी आपको हंसाने और मनोरंजन करने में सबसे आगे है। ' वहीं, रोहित ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'यादों के सफर पर फिर से निकल पड़े। आपकी उम्र कितनी थी जब आपने पहली बार गोलमाल देखी थी? हम वादा करते हैं, आप बहुत जल्द उन खुशियों भरे दिनों को फिर से जीने वाले हैं... शूटिंग जारी है। शरमन जोश ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'सभी थ्रोबैक का बाप है।' रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित कॉमेडी 'गोलमाल 5' में अजय देवगन और अक्षय कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म अपने पुराने सितारों (अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े) के साथ आ रही है और इसमें शरमन जोशी की वापसी भी हो रही है। इसकी शूटिंग ऊटी में शुरू हो चुकी है।

# हम रास्ते नहीं बना रहे थे, बस अपनी कहानी जी रहे थे : मनीष रायसिंघानी



**इस** समय हर तरफ कान्स फिल्म फेस्टिवल की धूम देखने को मिल रही है, लेकिन शायद ही कुछ लोग जानते होंगे कि टेलीविजन इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता मनीष रायसिंघानी पहले ही अतंर्राष्ट्रीय मंच पर अपना जलवा बिखेर चुके हैं। दरअसल, अभिनेता मनीष रायसिंघानी और अभिनेत्री अविका गौर की जोड़ी कान्स फिल्म फेस्टिवल में मुख्य रूप से 2016 और 2017 में शामिल हुई थी। उस दौर को याद करते हुए अभिनेता ने बताया कि उस समय उनका मकसद किसी लेबल को साबित करना नहीं, बल्कि अपनी कहानी को दुनिया के सामने रखना था। मनीष रायसिंघानी ने कहा, 'उस समय हमारे दिमाग में यह ख्याल नहीं था कि हम टीवी एक्टर्स के लिए नए रास्ते खोल रहे हैं, बल्कि हमने तो बस अपनी फिल्म के आधिकारिक चयन को पूरे उत्साह के साथ सेलिब्रेट किया था। उन्होंने आगे कहा कि ग्लोबल मंच हमेशा उन लोगों के लिए खुले रहते हैं, जो पूरे विश्वास और जुनून के साथ नई संभावनाओं को तलाशने के लिए तैयार रहते हैं। अभिनेता ने भारतीय कहानियों और संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाने पर गर्व जताया। उन्होंने कहा, 'रेड कार्पेट पर जब हम चल रहे थे, तो हमारे मन में दो विचार थे। एक तरफ, तो मुझे गर्व था कि मैं टीवी की दुनिया से वहां पहुंचने वाले शुरुआती लोगों में से एक हूं, दूसरी ओर हर कदम के साथ भविष्य में कहानी कहने की कला में सर्वश्रेष्ठ बनने का सपना था। अभिनेता ने बताया कि उनके लिए यह सफर सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं था, बल्कि रचनात्मक रूप से खुद को साबित करने का एक बड़ा मौका था। अभिनेता ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने और अविका ने हमेशा खुद को कहानीकार के रूप में देखा। उन्होंने किसी भी प्रोजेक्ट को टीवी या फिल्म के नजरिए से नहीं देखा। उन्होंने बताया, 'मैंने अपनी फिल्मों में अभिनय के साथ निर्देशन, पटकथा लेखन, शूटिंग और एडिटिंग भी की है। उन्होंने आगे कहा, 'जब आप अपनी फिल्म का हर काम खुद करते हैं, तो आप किसी तय ढांचे या खाने में फिट नहीं होते, बल्कि आप अपनी एक अलग जगह बना लेते हैं। '

# अब अलग किरदार निभाने का समय है: लिंडसे लोहान

**लॉस एंजिल्स ।** हॉलीवुड अभिनेत्री लिंडसे लोहान एक बार फिर चर्चा में हैं। फिल्म 'द पेरेंट ट्रैप' से दुनियाभर में पहचान बनाने वाली लिंडसे अब अपने करियर में नया मोड़ लाना चाहती हैं। लंबे समय तक रोमांटिक और कॉमेडी वाले किरदार निभाने के बाद वह अब गंभीर और अलग तरह की भूमिकाओं में खुद को आजमाना चाहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली ड्रामा सीरीज 'काउंट माय लाइज' को लेकर खुलकर बात की और बताया कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए क्यों इतना खास है। लिंडसे लोहान ने कहा, 'यह मेरी पहली बड़ी स्क्रिप्टेड सीरीज है, जिसमें मैं पूरी तरह से मुख्य भूमिका निभा रही हूं। इससे पहले मैंने कुछ छोटे किरदार किए थे, लेकिन इस बार अनुभव बिल्कुल अलग है। इस सीरीज का किरदार मेरे पुराने सभी कामों से काफी अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित कर रही है।'' लिंडसे ने कहा, ''अक्सर मुझे सिर्फ रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों वाली अभिनेत्री के रूप में देखा जाता है। दर्शकों ने मुझे ज्यादातर ऐसे ही किरदारों में पसंद किया, लेकिन अब मैं खुद को एक कलाकार के तौर पर और ज्यादा साबित करना चाहती हूं। रचनात्मक रूप से आगे बढ़ने के लिए नए किरदार निभाना जरूरी होता है, इसलिए अब अलग तरह की कहानियों और भूमिकाओं की तलाश कर रही हूं। इस नई सीरीज में लिंडसे के साथ किट हैरिंगटन भी नजर आएंगे, जो मशहूर सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन' से दुनियाभर में लोकप्रिय हुए थे।



शो में दोनों पति-पत्नी का किरदार निभा रहे हैं। किट हैरिंगटन ने भी इस शो को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''यह एक मजेदार और ट्विस्ट्स से भरी थ्रिलर कहानी है। शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पहला मौका है जब मैं इसके बारे में मीडिया से बात कर रहा हूं, इसलिए मुझे खुद भी समझ नहीं आ रहा कि इस शो को लोगों के सामने किस तरह पेश करें।



# 'धुरंधर' के बाद अर्जुन रामपाल ने बढ़ाई इतनी फीस !

● अगली फिल्म के लिए वसूल रहे मोटी रकम

'धुरंधर' फ्रेंचाइजी ने कमाल कर दिया है. न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर जमकर पैसे पीटे, बल्कि फिल्म के हर एक एक्टर को भी खूब तारीफ मिल रही है. अब इसी लिस्ट में अर्जुन रामपाल भी हैं. जो अगले प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी हैं. इसी बीच पता लगा कि एक्टर ने धुरंधर की सक्सेस के बाद फीस बढ़ा दी है.इस साल की सबसे बड़ी फिल्म अबतक 'धुरंधर 2' ही है. जिसने बॉक्स ऑफिस पर 1750 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है. जबकि, पहला पार्ट भी 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करने में कामयाब रहा था. जिसके बाद से ही फिल्म के सभी एक्टर्स चर्चा में हैं और उन्हें कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं. अब इस लिस्ट में अर्जुन रामपाल का नाम भी शामिल हैं. जिन्होंने फिल्म में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था. खासकर पार्ट 2 में वो ही एंड तक रणवीर सिंह को टक्कर देते दिखते हैं. अब एक्टर की अगली फिल्म Arjun Naga है, जिसे अनिल शर्मा बना रहे हैं. साथ ही अर्जुन रामपाल एक बार फिर विलेन बने हुए दिखेंगे. पर क्या सच में धुरंधर की सक्सेस के बाद एक्टर ने अपनी फीस बढ़ा दी है. जानिए कितनी रकम वसूली है? अर्जुन रामपाल बेशक फिल्मों में छोटे रोल में दिखते हैं, पर उनका किरदार कहानी के हिसाब से बहुत इंपॉर्टेंट होता है. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, अनिल शर्मा की अगली फिल्म Arjun Naga में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है.

# अंबाती रायडू ने सुनील नरेन को बताया आईपीएल का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी

एजेंसी

**कोलकाता :** पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि सुनील नरेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल होता है। सुनील नरेन ने शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की 29 रनों से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने चार ओवरों के अपने स्पेल में 29 रन देकर 2 विकेट लिए थे,



जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। नरेन का यह 200वां आईपीएल मैच भी था।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के ''टाइमआउट' शो पर रायडू ने कहा कि नरेन गेंद और बल्ले, दोनों से ही एक जबरदस्त मैच विनर खिलाड़ी हैं। आईपीएल में कई बेहतरीन खिलाड़ी हुए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग नजर आता है। मेरी नजर में वह इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। रायडू ने कहा कि मुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के तौर पर सुनील नरेन जैसे गेंदबाज का सामना करना हमेशा मुश्किल होता है, क्योंकि गेंद पिच पर रुककर आती है। ऐसे में अक्सर आप अपना सही संतुलन खो बैठते हैं। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में नरेन, युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 205 विकेट दर्ज हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी भी हैं। नरेन 2012 से केकेआर के साथ हैं। मैच की बात करें, तो कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर

# आईपीएल 2026 : फिन एलन के तूफान से कोलकाता की बड़ी जीत, गुजरात को 29 रन से हराया

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिर को खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 29 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में कोलकाता के बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों ने जीत सुनिश्चित की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम को विस्फोटक शुरूआत फिन एलन ने दिलाई। उन्होंने केवल 35



गेंदों पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें चार चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वह शतक से जरूर चूक गए, लेकिन उनकी पारी ने मैच का रुख तय कर दिया। सके बाद अंगकृष रघुवंशी ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 82 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और सात छक्कों की मदद से पारी को मजबूती दी। अंतिम ओवरों में कैमरून ग्रीन ने 28 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और साई किशोर को एक-एक विकेट मिला, लेकिन अन्य गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सके। 248 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने भी जोरदार संघर्ष किया। कप्तान शुभमन गिल ने 85 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि वापसी कर रहे साई सुदर्शन ने नाबाद 53 रन बनाए। जोस बटलर ने भी 57 रन का योगदान दिया, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरने से टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। कोलकाता की ओर से सुनील नारायण सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। इस जीत के साथ केकेआर ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

# बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजगीर के राजकीय मलमास मेला का किया शंखनाद

एजेंसी

**नालंदा :** बिहार में नालंदा जिले के पयर्टक स्थल राजगीर में रविवार सुबह नौ बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजकीय मलमास मेला का शंखनाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिता काटकर किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के 33करोड़ देवी देवता एक माह के लिए राजगीर प्रवास करने आते हैं।मेला की खास बात यह है कि आगामी 15 जुन तक चलने वाले इस मेले के दौरान राजगीर के अलावा किसी भी स्थान पर मांगलिक व शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। राजगीर तिर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि ब्रह्म कुण्ड परिसर में ध्वजारोहण का कार्य संत शिरोमणि परमहंस चिदात्मन महराज के द्वारा किया गया है।जबकि आज सुबह से ही मंत्रोच्चार व तिर्थ पूजन कार्य शुरू कर दिया गया है। मलमास मेला में आस्था की डुबकी लगाने साथ आठ लाख श्रद्धालुओं की आने की संभावना जताई गई है।



इस महा जनसैलाब को सुरक्षित रखने के लिए राजगीर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। जहां भीड़ प्रबंधन के लिए 950 दंडधिकारी 530से अधिक पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ 1000 होमगार्ड व घुड़सवार पुलिस बल की तैनाती की गई है।

इस बार मेला को खास बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है जहां श्रद्धालुओं के आवास निवासी के लिए स्टेट गेस्ट हाउस में टेंट सिसकियों के अलावा 14स्थानों पर आश्रय स्थल बनाये गये हैं। वहीं 11जगहों पर जर्मन हैंगर और तीन वाटरप्रूफ पंडाल बनाये गये है जहां श्रद्धालुओं को निःशुल्क रहने की व्यवस्था की गई है।राजगीर के हर चौक चौराहों पर तोरणद्वार लगायें गये है। पीएचईडी द्वारा 30 स्थानों पर 300 प्याऊ लगाया गया है, जिसके माध्यम से पेयगंगा जल की आपूर्ति की जाएगी। पीएचईडी द्वारा 20 नया चापाकल लगाया गया है तथा 60 खराब चापाकल की मरम्मति करा दी गयी है।125 स्टैंड पोस्ट का निर्माण किया जाएगा (सोख्ता एवं प्लेटफार्म सहित)15 पेयजल टैंकर रिजर्व रखा गया है।

प्रतिदिन लगभग 03 लाख श्रद्धालुओं तक के लिए पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गयी है।पेयजल की गुणवत्ता नियमित जांच पीएचईडी द्वारा किया गया है । वहीं पीएचईडी द्वारा 750 जगह शौचालय (350 पुरूष एवं 350 महिला) का निर्माण पूर्ण किया गया है।इसके अलावे 75 यूरिनल (30 महिला एवं 45 पुरूष) लगाया गया है।नगर परिषद, राजगीर द्वारा 250 अस्थायी शौचालय का निर्माण कराया गया है।


इसके अलावा 13 स्थायी शौचालय की मरम्मति किया गया है।14 स्थानों पर कुल 25 दीदी की रसोई का संचालन किया जाएगा।अस्थायी अस्पताल - 08 जगह (टेंट सिटी, वीआईपी टेंट सिटी, मेला थाना, ब्रह्मकुंड (02), रेलवे स्टेशन, पीएचईडी कैम्पस, वैतरणी)स्वास्थ्य शिविर 18 जगहएम्बुलेंस 16 की प्रतिनियुक्ति चलंत चिकित्सा दल-04 केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्ष में 24७7 पर्यवेक्षक-32 एवं पारामेडिकल कर्मी-260 उपलब्ध रहेंगे।सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 03 सफाई जोन में बांटकर तीन पालियों में साफ-सफाई की व्यवस्था की गयी है।

साफ-सफाई व्यवस्था के लिए तीन पालियों में 617 मजदूर, 87 पर्यवेक्षक, 20-25 वाहन (ट्रैक्टर, टीपर) 57 वाहन चालक लगाया गया है। कुल 1700 की संख्या में मानवबल लाये गए है।सोकपीट की सफाई हेतु 09 सक्शन मशीन की व्यवस्था की गयी है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## नेपाल के कामिरिता शेरपा ने ३२वीं बार एवरेस्ट के सफल आरोहण का विश्व कीर्तिमान बनाया

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के पर्वतारोही कामिरिता शेरपा ने आज 32वीं बार सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट (सगरमाथा) के शिखर पर चढ़ाई कर विश्व कीर्तिमान बनाया। 56 वर्षीय कामिरिता ने आज सुबह 10:12 बजे दुनिया की सबसे ऊंची चोटी सगरमाथा का सफल आरोहण किया। सेवेन समिट ट्रेक्स कंपनी ने यह जानकारी दी । कामिरिता ह्यएवरेस्ट मैनह्न के नाम से प्रसिद्ध हैं। सबसे अधिक बार सगरमाथा पर चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड उनके ही नाम दर्ज है। सेवेन समिट ट्रेक्स ने फेसबुक पर लिखा, ह्ल32वीं बार सफल आरोहण के बाद कामिरिता और उनकी टीम फिलहाल बेस कैंप की ओर लौट रही है। उनके सुरक्षित अवतरण की कामना करते हुए काठमांडू में भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।सन 1994 से सगरमाथा आरोहण यात्रा शुरू करने वाले



कामिरिता ने 2026 तक पर्वतारोहण के क्षेत्र में अद्वितीय और अतुलनीय सफलता हासिल कर ली है। उन्हें केवल नेपाल का राष्ट्रीय गौरव ही नहीं, बल्कि विश्व पर्वतारोहण समुदाय के एक श्रेष्ठ प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। इसी तरह ह्यमाउंटेन क्वीनह्न के नाम से प्रसिद्ध लाक्पा शेरपाा ने आज सुबह 9:30 बजे 11वीं बार सगरमाथा का आरोहण करते हुए महिला पर्वतारोहियों में सबसे अधिक बार एवरेस्ट फतह करने का विश्व रिकॉर्ड कायम किया।

## 20 व 21 मई को दो दिवसीय एडमिशन फेयर का आयोजन, एडमिशन डायरेक्टर से सीधे संवाद कर सकेंगे छात्र

एजेंसी

**रायपुर :** राजधानी रायपुर के बेबीलॉन कैपिटल में 20 व 21 मई को दो दिवसीय एडमिशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चलेगा। यह फेयर कक्षा 12वीं के छात्रों, माता-पिता और वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए खुला है, जो कि हायर एडजुकेशन करने में रुचि रखते हैं। यह एडमिशन फेयर भारत के वर्तमान शिक्षा परिदृश्य को देखते हुए बेहद प्रासंगिक है। इस फेयर में देशभर के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के संस्थानों के साथ-साथ एडमिशन डायरेक्टर से सीधे संवाद कर छात्र अपने सभी सवालों के जवाब प्राप्त कर सकते हैं। यहां कक्षा 12वीं या उससे आगे के पाठ्यक्रम विकल्प,



फीस, प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, स्कॉलरशिप विकल्प समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां सटीक, विश्वसनीय और नवीनतम रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। खास बात यह है कि यह सारी जानकारी छात्रों को एक ही छत के नीचे और कुछ ही घंटों में मिल जाएगी।

अफेयर्स एग्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर और सीईओ विवेक शुक्ला ने कहा कि हम एक बार फिर रायपुर में ह्यएडमिशन फेयरह्न आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य छात्रों को भारतीय उच्च शिक्षा में हो रहे बदलावों से अपडेट रखना और उन्हें अपने भविष्य को लेकर इन्फोर्मड डिसीजन लेने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह एडमिशन फेयर छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक मंच साबित होगा और एक बेहतर करियर की शुरूआत का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

फेयर के आयोजक रितेश जयसवाल ने कहा कि अफेयर्स एग्जीबिशंस एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित यह एडमिशनस फेयर, पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत के सबसे अग्रणी और पुराने हायर एजुकेशन फेयर में से एक है। भारत के हजारों प्रमुख संस्थानों के भरोसेमंद, इस एडमिशन फेयर का मकसद देशभर के 12 से अधिक शहरों के छात्रों को प्रमुख विश्वविद्यालयों से जोड़ना है, जिनमें से कई एनएएसी से मान्यता प्राप्त और एनआईआरएफ क्यूएस रैंक वाले हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क है और इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण ँ३३स्र२://ॅ्रि२२ङ्घल्लश्२१.ल्ल/१ंस्र४१/ पर शुरू हो चुका है। छात्रों को कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## जनगणना 2027: छत्तीसगढ़ में 60 प्रतिशत से अधिक मकान सूचीकरण का कार्य पूरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की 'सुशासन नीति' का असरगौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने रचा इतिहास, 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर राज्य में बना नंबर-1 जिला

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राज्य के सभी जिलों और नगर निगमों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों (एचएलबी) के गठन और सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में जारी आधिकारिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अब तक कुल 60.73% कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महाअभियान में डिजिटल टेक्नोलॉजी के सटीक समन्वय से कुल 48,742 ब्लॉकों में से 29,602 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य की इस प्रगति पर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संतोष व्यक्त करते हुए गौरेला- पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन और प्रदेश भर के प्रगणकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, ¥हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आगामी जनगणना 2027 के ये आंकड़े भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण की मजबूत बुनियाद बनेंगे। डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। जिन बड़े शहरों या नगर निगमों में गति धीमी है, वहां के अधिकारी मैदानी मॉनिटरिंग बढ़ाएं और जल्द से जल्द इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गति दें। राज्य स्तर पर जिलों के प्रदर्शन को देखा जाए तो आदिवासी बहुल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला सूची में शीर्ष पर है, जिसने अपने सभी 528 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। इसके बाद जशपुर (99.87 प्रतिशत) और मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी (99.84 प्रतिशत) जिले भी पूर्णता के बेहद करीब हैं। इसके अलावा बेमेतरा (97.8 प्रतिशत) और मुंगेली (96.52 प्रतिशत) जिलों में भी काम लगभग खत्म होने की कगार पर है। एक तरफ जहां ग्रामीण और दूरस्थ जिलों ने बाजी मारी है, वहीं राज्य के बड़े शहरों और नगर निगम क्षेत्रों में काम की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी दर्ज की गई है। रायगढ़ नगर निगम सूची में सबसे निचले पायदान पर है, जहां महज 4.65 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। औद्योगिक हब भिलाई नगर में केवल 7.84 प्रतिशत और रिसाली में 8.33 प्रतिशत कार्य ही संपन्न हुआ है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां कुल 1,964 ब्लॉकों में से केवल 203 ही पूरे हो पाए हैं, जो कि कुल लक्ष्य का मात्र 10.34 प्रतिशत है।

## गंगोत्री धाम में भागीरथी के बीच फंसी महिला को बचाया, शक्ति नहर से महिला का शव बरामद

एजेंसी

**देहरादून/गंगोत्री :** एसडीआरएफ ने उत्तरकाशी जनपद के गंगोत्री धाम में रविवार को एक साहसिक रेस्क्यू अभियान चलाकर भागीरथी नदी के तेज बहाव में फंसी एक महिला को सुरक्षित बचा लिया जबकि देहरादून जनपद के शक्ति नहर में 16 मई को लापता एक महिला का शव भी बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट गंगोत्री की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और त्वरित वाटर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान आरक्षी सहदेव राणा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नदी के बीच टापू तक पहुंचकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और अपने कंधों के सहारे नदी पार कर किनारे तक पहुंचाया। बचाई गई महिला की पहचान वैशाली प्रकाश (40 वर्ष), निवासी अकोला, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। सुरक्षित रेस्क्यू के बाद महिला और वहां मौजूद



श्रद्धालुओं ने एसडीआरएफ और उत्तराखंड पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं सेवा भावना की सराहना की। वहीं, देहरादून जनपद के विकासनगर क्षेत्र की शक्ति नहर में लापता महिला का शव सघन सर्च अभियान के बाद बरामद कर जिला पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार 16 मई को पुल नंबर-01 के पास एक महिला अपने दो बच्चों के साथ शक्ति नहर में कूद गई थी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बचा लिया, जबकि महिला तेज बहाव में लापता हो गई। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ पोस्ट डाकपत्थर की टीम अपर उप निरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त सर्च

## हिमाचल निकाय चुनाव : बुजुर्गों के जज्बे ने बढ़ाई वोटिंग की रफ्तार,

### कोई लाठियों के सहारे तो कोई व्हीलचेयर पर पहुंचा मतदान केंद्र

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में रविवार को शहरी निकाय चुनाव के लिए जारी मतदान के दौरान लोकतंत्र की सबसे भावुक और प्रेरणादायक तस्वीरें बुजुर्ग मतदाताओं से देखने को मिलीं। कोई दो लाठियों के सहारे मतदान केंद्र पहुंचा, तो कोई व्हीलचेयर पर बैठकर वोट डालने आया। तेज धूप और बढ़ती गर्मी के बावजूद बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह के शुरूआती दो घंटों में करीब 15 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ा, मतदान की रफ्तार भी तेज होती गई और सुबह 11 बजे तक प्रदेश में करीब 35 फीसदी मतदान हो चुका था। हालांकि कई मतदान केंद्रों से अभी रिपोर्ट आना बाकी है। शिमला जिले के रामपुर बुशहर में सुबह 11 बजे तक करीब 35 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। यहां एक दिव्यांग मतदाता को एनसीसी कैडेट्स व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र तक लेकर पहुंचे। मतदान केंद्र के बाहर यह दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। नगर पंचायत चिड़गांव में सुबह 11 बजे तक 47 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक मतदान वाले क्षेत्रों में



शामिल रहा। चिड़गांव में 100 साल से अधिक उम्र की कौल दासी मतदान करने पहुंचीं और उन्होंने अपना वोट डाला। वहीं ठियोग के वार्ड नंबर-1 से 85 वर्षीय परमा नंद दो लाठियों के सहारे मतदान केंद्र पहुंचे। सुन्नी के वार्ड नंबर-1 से 85 वर्षीय जितेंद्र भी वोट डालने पहुंचे। चिड़गांव में एक बुजुर्ग मतदाता व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। इन बुजुर्ग मतदाताओं के जज्बे ने मतदान केंद्रों पर मौजूद युवाओं और अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया। कई जगह लोगों ने बुजुर्ग मतदाताओं का स्वागत भी किया। प्रदेश के अलग-अलग शहरों में सुबह से ही महिलाओं और युवाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं ने कहा कि वे अपने शहर के विकास, साफ व्यवस्था और बेहतर नेतृत्व के लिए मतदान कर रहे हैं। कई महिलाओं ने परिवार सहित मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सोलन, रामपुर, सुजानपुर और नालागढ़ समेत कई शहरों में महिला मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी दिखाई दी। नगर परिषद सुजानपुर में सुबह 11 बजे तक 48 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। वहीं नालागढ़ नगर परिषद चुनाव में सुबह 11 बजे तक 37.66 फीसदी मतदान हुआ। नालागढ़ के वार्ड नंबर-4 मेन साहिब वाला में सबसे अधिक 47.11 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। यहां कुल 6962 मतदाताओं में से 2622 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिकारियों के अनुसार महिलाओं और युवाओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सोलन नगर निगम में भी सुबह से मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां कुल 38 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 14 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। मतदाताओं ने कहा कि वे शहर के बेहतर भविष्य और विकास के लिए मतदान करने पहुंचे हैं। जिला बिलासपुर के विभिन्न शहरी निकायों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### टोहाना सडक हादसा : ट्रक और बाइक की टक्कर में जींद के युवक की मौत

**फतेहाबाद :** हरियाणा के फतेहाबाद जिले के टोहाना में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में जींद निवासी 34 वर्षीय युवक शीलू सिंह की मौत हो गई। घटना बाबा सिया नाथ मंदिर के पास उस समय हुई जब मृतक मजदूरी कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, जींद जिले के गांव खरड़वाल का रहने वाला शीलू सिंह रोजाना काम के सिलसिले में करीब 15 किलोमीटर दूर टोहाना आता-जाता था। शनिवार शाम को जब वह टोहाना से अपने गांव वापस लौट रहा था, तभी गांव कन्हड़ी से आगे बाबा सिया नाथ मंदिर के पास उसकी बाइक एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शीलू बाइक सहित सडक पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत घायल युवक को टोहाना के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए ट्रक चालक ने बताया कि वे महाराष्ट्र की तरफ जा रहे थे और भोजन के लिए होटल की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान एक अन्य वाहन चालक ने उन्हें हादसे की सूचना दी। चालक के मुताबिक, उन्होंने तुरंत पीछे जाकर देखा और घायल युवक के सिर पर कपड़ा बांधकर पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही टोहाना शहर थाना से सब इंस्पेक्टर पवन और एएसआई जोगिंदर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मृतक शीलू सिंह पेशे से मजदूर था और अपने पीछे दो बेटियां, एक बेटा और पत्नी छोड़ गया है। परिवार में वह इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था, जिसके चले जाने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया मृतक के शव को शनिवार रात सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया था, जिसका रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लखनऊ कलेक्ट्रेट में वकीलों के अवैध चैंबर व दुकानों पर चला बुलडोजर

**लखनऊः** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद लखनऊ नगर निगम ने रविवार को जिला अदालत और कलेक्ट्रेट के पास बने करीब 240 अवैध चैंबर और दुकानों पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम लखनऊ की टीम पुलिस और प्रशासन के साथ मौके पर पहुंची और हाईकोर्ट के आदेश के तहत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई शुरू होते ही बड़ी संख्या में वकील मौके पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस और वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए वकीलों और दुकानदारों को हटाया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सड़क,फुटपाथ व नाले पर कब्जा कर वकीलों ने चेंबर बना लिया था। फोटोकॉपी की दुकानें खुल गयी थी। कोर्ट ने अवैध अतिक्रमण तोड़ने का आदेश दिया। इसके बाद नगर निगम की ओर से नोटिस दी गयी। कुछ लोगों ने खुद कब्जा हटा लिया,लेकिन बड़ी संख्या में कब्जे नहीं हटे थे,इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। वकील ज्योत्सना सिंह का कहना है कि हाईकोर्ट ने 72 चैंबर तोड़ने का आदेश दिया है,लेकिन जिन चैंबरों को तोड़ने का आदेश हुआ था उन पर बुलडोजर नहीं चला है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें पहले से कोई जानकारी नहीं दी गयी। वहीं, लखनऊ के डीसीपी (पश्चिम) कमलेश दीक्षित ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत अवैध निर्माण हटाया जा रहा है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है और मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है।

### बीजापुर में आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत

**बीजापुर :** जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत पोंदुम में शनिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई। देर रात तेज बारिश और गरज-चमक के बीच मवेशी एक स्थान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरी, जिससे मौके पर ही सभी 10 मवेशियों ने दम तोड़ दिया। सुबह ग्रामीणों ने मृत मवेशियों को देखा और इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को दी। ग्रामीणों ने बताया कि एक साथ इतने मवेशियों की मौत से पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। जिन ग्रामीणों के मवेशियों की मौत हुई है, उनमें लक्षण हपका, बुधराम हपका, दशरथ बघेल, सोमी पिंकी बघेल, कुंवर हपका, आसमती हपका और मुन्नू हेमला जैसे पशुपालक शामिल हैं। मृत मवेशियों में बैल और बछड़े बताए गए हैं।

### गुरुग्रामः सेक्टर-84 की अंतरिक्ष सोसाइटी के फ्लैट में लगी आग

**गुरुग्राम :** सेक्टर-84 स्थित अंतरिक्ष सोसाइटी के एसी टावर में रविवार को एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग नौवें फ्लोर पर स्थित फ्लैट नंबर 902 में लगी। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हादसे के समय फ्लैट में रहने वाला परिवार घर से बाहर गया हुआ था, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं मिले। आरोप है कि सोसाइटी के फायर सेफ्टी संसाधन स्टोर रूम में बंद थे और उसकी चाबी भी सुरक्षा कर्मियों के पास मौजूद नहीं थी। इस लापरवाही के कारण शुरूआती समय में आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग को अन्य फ्लैटों तक फैलने से रोक लिया गया। इस घटना के बाद सोसाइटी के फायर सेफ्टी इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने सोसाइटी प्रबंधन की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### लववा गांव में सोलानी नदी किनारे अज्ञात शव मिला

**हरिद्वार :** भगवानपुर कोतवाली क्षेत्र के लववा गांव में सोलानी नदी के किनारे एक अज्ञात शव मिला है। सूचना मिलने पर भगवानपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर रुड़की सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस अधीक्षक देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि रविवार को लववा गांव में सोलानी नदी किनारे, एक शव पड़ा होने की सूचना भगवानपुर पुलिस को मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर, आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने की कोशिश की। शव की शिनाख्त न होने पर, पुलिस ने शव को रुड़की सिविल अस्पताल मोर्चरी में भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त की कोशिश जारी है।


न्यूज IN ब्रीफ

## काली मंदिर में पुजारी नील मोहन मुखर्जी ने की मां की विशेष पूजा अर्चना



चक्रधरपुर : भक्ति,आस्था और श्रद्धा के लिए प्रख्यात आर ई कॉलोनी स्थित माँ काली का मंदिर प्रांगण में आज अमावस्या के दिन भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।
अमावस्या के अवसर पर मंदिर के पुजारी नील मोहन मुखर्जी ने भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नील मोहन मुखर्जी ने कहा कि यूँ तो हर दिन माँ के मंदिर में भक्तजनों की भीड़ होती है परन्तु अमावस्या के दिन विशेष रूप से भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

## लोहरदगा जिला के 43 वें स्थापना दिवस पर उपायुक्त संदीप कुमार मीणा भी हैं 43 वें उपायुक्त



**बिनय मिश्रा :** लोहरदगा जिला 17 मई को अपना 43 वां स्थापना दिवस गौरवपूर्ण तरीके से मना रहा है। अविभाजित बिहार के समय बने इस जिला को राज्य का सबसे छोटा जिला माना जाता था। लोहरदगा जिला के गठन और स्थापना के लिए रांची के तत्कालीन सांसद शिव प्रसाद साहू के गंभीर प्रयास और सफलता शामिल है।यह अत्यंत गौरवपूर्ण और हर्ष और उमंग की बात है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर कई सांस्कृतिक और विकास कार्यों से जुड़े कार्यक्रम को शामिल किया गया है। वहीं उपायुक्त संदीप कुमार मीणा जिला के स्थापना दिवस पर बेहतर कार्यक्रम विकास कार्यों का समायोजन बनाने के लिए पूर्ण रुपेण कटिबद्ध दिखाई दे रहे हैं।

## डॉ शेरान और नन्हू की जोड़ी बनी चैंपियन




**रांची :** पांचवां राहत इंदौरी बैडमिंटन टूनामेंट का फाइनल मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में जी ई एल चर्च कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया और टूनामेंट के फेवरेट डॉ शेरान अली ने अपने जोड़ीदार अब्दुल खालिक नन्हू के साथ खेलते अनुभवी मकबूल अंसारी और युवा जोड़ीदार नसीम अख्तर के साथ खेलते हुए पहले सेट में बुरी तरह पिछड़ गए लेकिन अपने पावर और तकनीक के साथ शानदार वापसी कर मकबूल अंसारी और नसीम अख्तर की एक ना चलने दी और लगातार दो सेट जीत कर ट्रॉफी अपने नाम किया। इस रोमांचक मैच को देखने के लिए सुबह छः बजे से ही दर्शकों का चर्च कॉम्प्लेक्स आना शुरू हो गया था।

चैंपियन जोड़ी को टूनामेंट कमिटी के संयोजक अताउल रहमान ने ट्राफी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इसके पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता ,समाज सेवी नफीसुल आब्दीन,का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर मॉर्निंग ग्रुप के सरपरस्त मो हलीमउद्दीन किया।मंच संचालन अध्यक्ष अकील उर रहमान ने किया।

इस मौके पर अब्दुल मन्नान,मोहम्मद जैद, मो जमील,नफीस अख्तर, शरफराज अहमद, इकबाल अंसारी, कैसर आलम,इरशाद आलम, मोहम्मद आजाद, नौशाद खान, एजाज आलम, नेहाल अहमद, मोहम्मद शहाबुल, युनुस खान, अतीक अहमद कुस्सु, शमीम मुजीब, तौहीद अकरम, परवेज खान, कफिल खान, मो साजिद, मोहम्मद नईम, हंजला, अफान, अरहान, सोहेल सईद,अब्दुल रहमान आदि मौजूद थे,

## एसआईआर को लेकर बीडीओ ने बीएलओ और राजनीतिक पार्टियों के साथ की बैठक



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय,में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम को लेकर बीएलओ एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जा रही है।बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई।इसी क्रम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने,हटाने, संशोधन करने की प्रक्रिया,आवश्यक दस्तावेजों एवं बीएलओ को सहयोग करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अन्य दलों के प्रतिनिधियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा,ताकि बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेहतर सहयोग मिल सके और योग्य मतदाताओं का नाम सूची में सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर बीडीओ बासुकीनाथ टुडू, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शशि राय,भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव,नगर अध्यक्ष विनोद चौधरी, रामानंद शाह आदि उपस्थित थे।

# खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य जारी

संवाददाता

**चाईबासा :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा द्वारा गर्मी को देखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत का कार्य लगातार कराया जा रहा है। शुक्रवार को जिले के कुल 11 प्रखंडों में 24 चापाकलों की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया। सदर प्रखंड (चाईबासा) के बादुड़ी पंचायत अंतर्गत बादुड़ी गांव के निचे टोला एवं बाईहातु टोला में तीन चापाकलों की मरम्मत की गई। वहीं नरसंडा पंचायत के नरसंडा गांव स्थित टागेंसवासा में एक चापाकल को चालू कराया गया। कुमारडुंगी प्रखंड के कुसमिता पंचायत अंतर्गत कुसमिता गांव के खास टोला में दो चापाकलों की मरम्मत की गई।
मझगांव प्रखंड के तरतरिया पंचायत स्थित तरतरिया गांव के धीपासाई एवं बुरुसाई टोला में तीन चापाकलों को दुरुस्त किया गया।
खूंटपानी प्रखंड के बड़ालगिया पंचायत अंतर्गत तिलाईसुड गांव के खास एवं लतारसाई टोला में तीन चापाकलों की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। जगन्नाथपुर प्रखंड के मालुका पंचायत अंतर्गत मालुका एवं बड़ामोहलडीहा गांव के खास, गोप टोला तथा उलिहातु टोला में कुल तीन चापाकलों को चालू कराया गया।
तांतनगर प्रखंड के तांतनगर एवं कासेया पंचायत में स्थित मुकुगुटू एवं कासेया गांव के विभिन्न टोला में तीन चापाकलों की मरम्मत की गई। झींकपानी प्रखंड के नवागांव पंचायत अंतर्गत चाकीपी गांव के खास एवं गोप टोला में दो चापाकलों को ठीक किया गया। नोवामुंडी प्रखंड के दिरीबुरू पंचायत अंतर्गत परंबलजोड़ी एवं बड़ा बालजोडी गांव में तीन चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल की गई। वहीं टोंटो प्रखंड के पुरनापानी पंचायत अंतर्गत पुरनापानी गांव के खास टोला में एक चापाकल को दुरुस्त किया गया।



## होमगार्ड अभ्यर्थियों के समर्थन में देवेंद्र नाथ महतो ने किया डीसी कार्यालय का घंटों घेराव

संवाददाता

**मुरी :** रांची जिला होमगार्ड अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया में हो रहे विलंब के विरोध में शनिवार को जोरदार आंदोलन किया। अभ्यर्थियों ने सड़क पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने पदयात्रा एवं धरना-प्रदर्शन किया।
सुबह से ही मोरहाबादी मैदान में अभ्यर्थियों का जुटान शुरू हो गया था। बापू वाटिका में महात्मा गांधी जी को माल्यार्पण करने के बाद पदयात्रा प्रारंभ हुई। यह पदयात्रा मोरहाबादी मैदान से रेडियम रोड एवं कचहरी चौक होते हुए समाहरणालय भवन तक पहुँची। अभ्यर्थियों की भारी भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थिति को नियंत्रित करने हेतु प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई।
उपायुक्त कार्यालय के समक्ष पहुंचकर अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर लगभग चार घंटे तक मुख्य द्वार का घेराव किया। इस



दौरान लगातार नारेबाजी एवं धरना-प्रदर्शन जारी रहा। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कई बार वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन अभ्यर्थी उपायुक्त से सीधे वार्ता की मांग पर अड़े रहे।
अंततः देर शाम देवेंद्र नाथ महतो व पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से सीधी वार्ता हुई। वार्ता के दौरान उपायुक्त ने बताया कि फिजिकल परीक्षा के मास्टर चार्ट में छेड़छाड़ संबंधी लिखित शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसकी जांच जारी है। इसके अतिरिक्त शहरी टेक्निकल पद के कुछ अभ्यर्थियों के स्थानीय प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायतों पर विशेष जांच टीम गठित कर जांच कराई जा रही है।
उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी जांच प्रक्रियाओं को जून माह के अंत तक पूर्ण कर पारदर्शी तरीके से रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा भी दिया गया।
आज के आंदोलन में आरसी फिजिकल अकैडमी, कमांडो डिफेंस एकेडमी, वर्दी मेरा जुनून कोचिंग एवं झारखंड फिजिकल अकैडमी के संचालकों सहित सैकड़ों अभ्यर्थी उपस्थित रहे।
ज्ञात हो कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, रांची द्वारा नियुक्ति विज्ञापन संख्या- 01/2025 के तहत कुल 1614 गृह रक्षकों (होमगार्ड) की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसके लिए अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिला चयन समिति द्वारा 13 अक्टूबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) सफलतापूर्वक संपन्न कराई ग ई।

## कलस्टर सिस्टम के खिलाफ ग्रेजुएट कॉलेज में छात्रों ने उच्च शिक्षा सचिव को घेरा

**जमशेदपुर :** कोल्हान विश्वविद्यालय में लागू होने जा रहे कलस्टर सिस्टम के विरोध में शुक्रवार को ग्रेजुएट कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने वॉयस ऑफ कोल्हान यूनिवर्सिटी के बैनर तले विरोध-प्रदर्शन किया। यहां आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लेने पहुंचे उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के प्रधान सचिव राहुल पुरवार को छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट पर घेर लिया और नारेबाजी की। कॉलेज प्रबंधन द्वारा सचिव को पिछले गेट से निकालने की कोशिश को भी छात्रों ने विफल कर दिया। अंततः भारी विरोध के बीच राहुल पुरवार को छात्रों के बीच आना पड़ा, जहां छात्रों ने कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और मांग पत्र सौंपा। युवा जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हेमंत पाठक के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में छात्रों ने साफ किया कि इस नए नियम से उनकी पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित होगी। कलस्टर सिस्टम के तहत जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज से कला एवं विज्ञान को शहर से 15 किमी दूर एलबीएसएम कॉलेज और ग्रेजुएट कॉलेज से विज्ञान संभाग को को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थानांतरित करने का फैसला अव्यावहारिक है। नई शिक्षा नीति का हवाला देते हुए छात्रों ने कहा कि नीति विषयात्मक कलस्टर की बात करता है न कि पूरे स्ट्रीम को ही हटाने की। जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज मानगो की साढ़े तीन लाख की आबादी के बीच इकलौता सरकारी संस्थान है, जहां पटमदा और बोड़ाम जैसे सुदूर ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में छात्राएं पढ़ने आती हैं। शहर से इतनी दूर सेंटर भेजने का मतलब गरीब और आदिवासी परिवारों की बेटियों की पढ़ाई छूट जाना है।
बातचीत के दौरान विरोध बढ़ते देख सचिव राहुल पुरवार ने छात्रों को आश्वस्त किया कि वर्तमान सत्र के विद्यार्थियों का कॉलेज नहीं बदलेगा और जरूरत पड़ने पर शिक्षक खुद कॉलेज जाकर पढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था नए दाखिलों से लागू होगी, जिसका मुख्य उद्देश्य स्किल डेवलपमेंट है। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम को विद्यार्थियों को स्किल प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। पुरवार ने कहा कि वर्कर्स कॉलेज को कॉमर्स कॉलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में जहां कॉलेज है, वहां पर्याप्त जमीन नहीं है।

## जपला रेलवे ओवरब्रिज पर बढ़ रहा शराबियों का जमावड़ा

संवाददाता

**हुसैनबाद :** हुसैनाबाद शहर स्थित जपला रेलवे ओवरब्रिज इन दिनों असामाजिक तत्वों और शराबियों का अड्डा बनता दिखाई दे रहा है। ओवरब्रिज पर अंधेरे का फायदा उठाकर रात के समय खुलेआम शराब पी जा रही है। शराब पीने के बाद कांच की बोतलें वहीं फेंक दी जाती हैं और तोड़ दी जाती है, जिससे कई स्थानों पर टूटे हुए बोतल और टूटे हुए कांच के टुकड़े कई दिनों से पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात ओवरब्रिज पर युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीने की वजह से रात में गुजरने वाले लोग असहज महसूस करने के साथ आने-जाने



वालों में डर का माहौल बना रहता है।बताया जाता है कि नगर पंचायत चुनाव से पहले हुई एक बैठक में रेलवे ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था करने का मुद्दा उठाया गया था। बैठक में ओवरब्रिज पर लाइट लगाने की बात कही गई थी, लेकिन खंभा लगाने को लेकर मामला दबकर रह गया। लोगों का कहना है कि यदि ओवरब्रिज पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होती, तो वहां इस तरह शराबियों का जमावड़ा नहीं लगता, आज भी रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर किनारे किनारे बियर व शराब का बोतल फेका हुआ देखा जा सकता है, साथ में धूल डस्ट व गिट्टी भी किनारो पर जमा हुआ है जिससे दुर्घटना का सम्भावना बना रहता है, लोगो व राहगीरों ने प्रशासन से पहल कर रेलवे ओवरब्रिज लाइट कि व्यवस्था कराने का मांग किया है.

## क्षमता निर्णय लेने की योग्यता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है : उमेश प्रसाद

संवाददाता

**साहिबगंज:** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में बाल सांसद के सदस्यों का शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ साहिबगंज नगर थाना के सब इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद,साहिबगंज विभाग प्रमुख रमेश कुमार,विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया।समारोह में उपस्थित अतिथियों को उत्सर्ग पत्रिका एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।शपथग्रहण समारोह में



उपस्थित उमेश प्रसाद ने बताया कि बाल सांसद के द्वारा भैया,बहनों में नेतृत्व क्षमता निर्णय लेने की योग्यता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है।रमेश कुमार ने बताया कि बाल सांसद,संसद का ही एक छोटा रूप है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक गुणों के साथ-साथ प्रेम त्याग सहानुभूति करुणा,दया एवं परोपकार आदि का विकास होता है।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मृदुला सिन्हा ने बताया की बाल सांसद कार्यक्रम के माध्यम से भैया/बहन अपने विद्यालय में अनुशासन ,स्वास्थ्य, पर्यावरण संबंधी गतिविधियों जैसे विभिन्न सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं।

## संघर्ष, शिक्षा और संकल्प की मिसाल : रीना मिश्रा बनी डॉक्टर रीना मिश्रा

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कहा जाता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का सबसे सशक्त साधन है। कुछ लोग अपने जीवन से इस बात को सच साबित कर देते हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक यात्रा है उस बेटी की जिसने पारिवारिक जिम्मेदारियों, सामाजिक चुनौतियों और समय के संघर्षों के बीच भी अपने सपनों को जीवित रखा और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छुआ।
रांची की शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण में पली-बढ़ी इस प्रतिभाशाली बेटी ने प्रारंभ से ही शिक्षा को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया था। जिस कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की उसी कॉलेज में वर्ष 2007-08 में वीमेंस कॉलेज रांची में गेस्ट सहायक प्रोफेसर के रूप मेंअपनी सेवाएं देकर उन्होंने शिक्षा जगत में कदम रखा।ज्ञान बांटने का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। विवाह के बाद भी उन्होंने अपने सपनों और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाते हुए वर्ष 2016 से 2023 तक जी.एल.ए. कॉलेज डालटनगंज में गेस्ट सहायक प्रोफेसर (अ२२२३ंल्ल३ ढ१ङ्गी२२ङ्१) के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
यह सफर आसान नहीं था। विवाह के बाद अक्सर महिलाओं के सामने परिवार और करियर के बीच चुनाव की चुनौती खड़ी हो जाती है लेकिन उन्होंने यह साबित किया कि यदि संकल्प मजबूत हो तो दोनों जिम्मेदारियों को समान सफलता के साथ निभाया जा सकता है।
वर्ष 2023 में उन्होंने हाई स्कूल प्रतियोगिता परीक्षा पास कर सरकारी विद्यालय में बच्चों के भविष्य निर्माण का दायित्व संभाला।हाई स्कूल में पढ़ाते हुए उन्होंने केवल विषयों का ज्ञान नहीं दिया बल्कि विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास और सपनों को उड़ान देने का कार्य भी किया।
इसी दौरान उन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन लेकिन महत्वपूर्ण लक्ष्य पीएचडी (डॉक्टरेट) को पूरा करने का संकल्प लिया। लगातार पाँच वर्षों तक शोध,अध्ययन,



पारिवारिक जिम्मेदारियों और नौकरी के बीच संतुलन बनाना किसी तपस्या से कम नहीं था। अनगिनत रातों की मेहनत,धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो परिस्थितियों के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ देती हैं।
उनकी इस सफलता के पीछे संस्कार और शिक्षा का मजबूत आधार भी रहा। गढ़वा जिला के बलियारी ग्राम निवासी, रांची में पली बढ़ी, श्री राम अगस्त दुबे जी की सुपुत्री हैं जिन्होंने स्वयं बसिया कॉलेज गुमला में साइंस प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। शिक्षा और अनुशासन का वातावरण उन्हें परिवार से विरासत में मिला।
उनका विवाह पलामू जिला अंतर्गत पंजरिकला पंचायत के छोटे से गांव अमवा में हुआ। श्रीनाथ मिश्रा (रिटायर्ड फोरेस्टर) के छोटे बेटे श्री संजय कुमार मिश्रा जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में डीपीओ के पद पर कार्यरत रहे और वर्तमान में डंडार हेल्थ फार्मा ढ५३.छ३ॅ कंपनी के संचालक हैं,ने भी हर कदम पर उनका साथ दिया। यही पारिवारिक सहयोग उनकी सफलता की एक बड़ी ताकत बना। आज वे केवल एक शिक्षिका या शोधकर्ता नहीं बल्कि संघर्ष, आत्मविश्वास और नारी शक्ति की जीवंत मिसाल बन चुकी हैं। उनकी यात्रा यह संदेश देती है कि सपने उम्र,परिस्थितियों या जिम्मेदारियों के मोहताज नहीं होते। यदि इरादे मजबूत हों तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी कोई व्यक्ति शिक्षा और सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है।समाज को ऐसी प्रेरणादायक कहानियों की आवश्यकता है, क्योंकि यही कहानियां आने वाली पीढ़ियों को यह विश्वास दिलाती हैं कि कठिनाइयां रास्ता रोकने नहीं बल्कि इंसान को और मजबूत बनाने आती हैं।